CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

# दावा

सम्पादक - दीपक भाई बुद्धदेव

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26




वर्ष- 45 | अंक - 235 | राजनांदगांव, सोमवार 13 जुलाई 2026 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

## 'हॉर्मुज पर ईरान का अब कंट्रोल नहीं रहा, सभी जहाजों की सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी', अमेरिकी सेना का बड़ा ऐलान



नई दिल्ली। स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज में ब्लॉकेड के बीच अमेरिकी सेना ने बड़ा बयान दिया है। ईरान के लगातार हमले, जहाजों को रोके जाने और धमकियों के बीच अमेरिका ने सख्त तेवर दिखाया है। यूएस सेंट्रल कमांड ने कहा है कि हॉर्मुज अब सभी देशों के लिए खुला है और अमेरिकी नौसेना इसे सुनिश्चित करने के लिए तैयार बैठी है। उन्होंने यह भी ईरान का अब हॉर्मुज पर कोई कंट्रोल नहीं रहा।

अमेरिका की ओर से यह बयान ऐसे समय में आया है, जब खाड़ी इलाके में तनाव चरम पर है। ईरान ने हाल में कई बार विदेशी जहाजों को परेशान करने की कोशिश की थी, लेकिन अमेरिका की मजबूत मौजूदगी ने स्थिति को संभाल लिया।

### किन जहाजों के लिए हॉर्मुज खुला?

यूएस सेंट्रल कमांड ने अपनी ट्वीट में कहा- हॉर्मुज उन सभी जहाजों के लिए खुला है जो कानूनी तरीके से गुजरना चाहते हैं। अमेरिकी बल तैनात हैं और स्वतंत्र नौवहन सुनिश्चित करने को तैयार हैं। कमांड ने ईरान की कार्रवाइयों को बिना वजह की आक्रामकता, उत्पीड़न और मनमानी घोषणाएं बताया है।

एक अन्य ट्वीट ने कमांड ने लिखा- ईरान की नेवी ने हाल ही में कहा कि कोई भी विदेशी जहाज ईरानी सेना की पहचान, ट्रैकिंग और निगरानी के बिना हॉर्मुज से नहीं गुजर सकता। हकीकत यह है कि हॉर्मुज में सुरक्षा के लिए अमेरिकी सेना तैनात है।

### अब क्या है ईरान के सामने चुनौती?

ईरान के सामने अब बड़ी चुनौती है। अमेरिकी घोषणा के बाद ईरान अब हॉर्मुज में कैसे रोकेगा यह देखने वाली बात होगी। उधर ईरान के कुछ नेता बार-बार दावा करते रहे हैं कि जरूरत पड़ी तो वे हॉर्मुज बंद कर देंगे। लेकिन हकीकत यह है कि अंतरराष्ट्रीय कानून के मुताबिक यह स्ट्रेट सबके लिए खुला है। कोई एक देश इसे अपने कब्जे में नहीं ले सकता।

अमेरिका की नौसेना ने पहले भी कई बार ईरानी जहाजों को पीछे हटने पर मजबूर किया है। हाल के दिनों में भी ट्रैफिक सामान्य चल रहा है। टैंकर और मालवाहक जहाज बिना किसी रुकावट के आ-जा रहे हैं।

### हॉर्मुज दुनिया का सबसे महत्वपूर्ण जलमार्ग

बता दें कि हॉर्मुज दुनिया का सबसे महत्वपूर्ण जलमार्ग है। यहां से रोजाना करोड़ों बैरल तेल गुजरता है। अगर यह बंद हुआ तो पूरी दुनिया के तेल के दाम आसमान छू सकते हैं। भारत जैसे देशों पर भी इसका सीधा असर पड़ता है क्योंकि हमारा बड़ा तेल आयात खाड़ी से होता है।

## हॉर्मुज जलडमरूमध्य फिर बंद : ईरान ने साइप्रस के जहाज पर किया हमला; अमेरिका का ताबड़तोड़ पलटवार

नई दिल्ली। मध्य-पूर्व में तनाव एक बार फिर चरम पर है। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण 'हॉर्मुज जलडमरूमध्य' को अगले आदेश तक बंद करने की घोषणा की है। इस बीच, ईरान ने साइप्रस के ध्वज वाले कंटेनर जहाज 'M/V GFS Gala&y' पर हमला भी किया है। इस घटना के बाद अमेरिका ने ईरान पर जवाबी हमले शुरू कर दिए हैं।



### जहाज पर हमला, एक क्रू मेंबर लापता

अमेरिकी सेंट्रल कमांड के अनुसार, ईरान द्वारा किए गए हमले में साइप्रस के जहाज 'M/V GFS Gala&y' को भारी नुकसान पहुंचा है। जहाज के इंजन रूम में धमाका हुआ और उसमें आग लग गई, जिसके कारण जहाज अब अपनी यात्रा जारी रखने में असमर्थ है। इस हमले में एक नागरिक क्रू मेंबर के लापता होने की भी सूचना है।

### अमेरिका की तीसरी बड़ी कार्रवाई

CENTCOM ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी दी कि इस सप्ताह ईरान पर यह उनकी तीसरी सैन्य कार्रवाई है। अमेरिका ने स्पष्ट किया है कि ईरान को बार-बार चेतावनी दी गई थी कि वे वाणिज्यिक जहाजों पर हमले न करें, लेकिन ईरान ने इसे नजरअंदाज किया। अमेरिकी युद्ध सचिव पीट हेगसेथ ने इस पर सख्त प्रतिक्रिया देते हुए कहा, ईरान ने एक बुरा विकल्प चुना है, अब उन्हें इसकी कीमत चुकानी होगी।

### ईरान ने क्यों बंद किया रास्ता ?

आईआरजीसी ने अपने बयान में कहा है कि 'विदेशी ताकतों के गैर-कानूनी हस्तक्षेप' और (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## दिग्गज गायिका एस. जानकी नहीं रहीं, पीएम मोदी बोले- संगीत जगत की अपूरणीय क्षति



नई दिल्ली। भारतीय संगीत जगत के एक सुनहरे युग का अंत हो गया है। 'दक्षिण की कोकिला' के नाम से दुनिया भर में मशहूर और देश की महान पार्श्व गायिका एस. जानकी अम्मा का 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। उन्होंने शनिवार को कर्नाटक के मैसूर स्थित एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर से फिल्म उद्योग और संगीत प्रेमियों में शोक की लहर दौड़ गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संगीत जगत की इस अपूरणीय क्षति पर गहरा दुख प्रकट किया है और इसे भारतीय संस्कृति के लिए एक बड़ा नुकसान बताया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' (पहले ट्विटर) पर शोक व्यक्त करते हुए जानकी अम्मा को नमन किया। उन्होंने लिखा कि एस. जानकी अम्मा का जाना संगीत और संस्कृति की दुनिया के लिए एक बहुत बड़ी क्षति है। विभिन्न भारतीय भाषाओं में गाए गए उनके जादुई गीत कई पीढ़ियों तक लोगों के दिलों में गूंजते रहेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने अपनी मधुर और भावपूर्ण आवाज से हर मानवीय भावना को जीवंत कर दिया, और उनकी गायकी आने वाले लंबे समय तक संगीत प्रेमियों को प्रेरित करती रहेगी। पीएम ने उनके शोक संतप्त परिवार और देश-विदेश में फैले करोड़ों प्रशंसकों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। एस. जानकी भारतीय सिनेमा की उन चुनिंदा और महानतम गायिकाओं में शुमार थीं (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## राज्य अल्पसंख्यक आयोग में सुनवाई अटकी : सदस्यों की नियुक्ति नहीं हुई, इसलिए सालभर से कोर्ट सूना



रायपुर। छत्तीसगढ़ में अलग-अलग जाति समुदाय लोगों के अधिकारों के हनन, भूमि अधिकारों के उल्लंघन, अत्याचार या भेदभाव से जुड़ी विशिष्ट शिकायतों की जांच कर उन्हें न्याय दिलाने के उद्देश्य से कई आयोगों का गठन किया है।

इनमें से एक आयोग का कोर्ट सालभर से सूना पड़ा हुआ है। इस आयोग में शिकायतें तो आती हैं, लेकिन सुनवाई नहीं होती। वजह... आयोग में सदस्यों की नियुक्ति नहीं हुई है। आवेदन आते हैं लेकिन उन्हें विभाग के पास भेज दिया जाता है।

### जांच करने संबंधित विभागों को भेजा जा रहा

श्री छाबड़ा ने बताया कि, कोर्ट में सुनवाई नहीं करने के बाद भी प्राप्त आवेदनों से संबंधित प्रकरणों के निराकरण किए जा रहे हैं। इसके लिए प्रकरणों को संबंधित विभागों को भेजकर जांच प्रतिवेदन मांगे जाते हैं। इन जांच प्रतिवेदनों पर शिकायतकर्ताओं से उनका अभिमत मांगा जाता है। इसके बाद ही प्रकरणों का निराकरण किया जाता है। उन्होंने बताया कि सालभर में लगभग 20 शिकायतें आई हैं, इन सभी शिकायतों को जांच के लिए भेजा गया है, जिनमें कुछ में जांच प्रतिवेदन भी आ चुके हैं।

### अल्पसंख्यक आयोग का कोर्ट सालभर से सूना

छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग के गठन का उद्देश्य मुस्लिम, ईसाई, सिख, बौद्ध, पारसी और जैन समुदायों के अल्पसंख्यक हितों की रक्षा, संरक्षण करने के साथ उनके अधिकारों के हनन और उनके साथ भेदभाव सहित अन्य मामलों की जांच कर उन्हें न्याय दिलाना है। राजधानी रायपुर के पुराना मंत्रालय भवन के पास स्थित अल्पसंख्यक आयोग का मुख्य दफ्तर भी है, जहां आवेदकों की शिकायतों से संबंधित प्रकरणों की सुनवाई के लिए कोर्ट भी बना हुआ है, लेकिन पिछले सालभर से इस कोर्ट का दरवाजा तक खोला नहीं गया है। इसका कारण आयोग में (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## छुईखदान के खिलाड़ी श्रेयांश ने अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल में लहराया परचम, नेपाल में जीता स्वर्ण पदक



कड़े ट्रायल में चमके श्रेयांश, भारतीय टीम में बनाई जगह

छुईखदान (दावा)। छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का क्षण तब सामने आया, जब केसीजी जिले के छुईखदान के युवा फुटबॉल खिलाड़ी श्रेयांश श्रीवास्तव ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत को स्वर्ण पदक दिलाया। नेपाल में आयोजित इंडो-नेपाल स्कूल स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2025-26 में श्रेयांश ने अपने बेहतरीन खेल से न केवल देश का गौरव बढ़ाया, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ का भी मान ऊंचा किया। खास बात यह रही कि भारतीय टीम में छत्तीसगढ़ से चयनित होने वाले वे एकमात्र खिलाड़ी थे।

नेपाल में आयोजित इंडो-नेपाल स्कूल स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2025-26 के लिए पूरे भारत से खिलाड़ियों के चयन हेतु उत्तरप्रदेश में कड़ा ट्रायल आयोजित किया गया था। इस ट्रायल में देशभर के सैकड़ों खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई, जिनमें से उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर 17 खिलाड़ियों का चयन भारतीय फुटबॉल टीम के लिए किया गया। इस 17 सदस्यीय टीम में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व केवल श्रेयांश श्रीवास्तव ने किया। चैंपियनशिप के दौरान श्रेयांश ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए भारतीय टीम को स्वर्ण पदक दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी इस उपलब्धि ने छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश को गौरवान्वित किया है। श्रेयांश, संदीप श्रीवास्तव और डॉ. मीनू श्रीवास्तव के पुत्र हैं। उन्होंने नियमित अभ्यास, कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। श्रेयांश की इस ऐतिहासिक सफलता पर जनप्रतिनिधियों, खेल प्रेमियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। सभी ने इसे क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणादायक उपलब्धि बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## खराब खाना, सड़े अंडे, एक्सपायरी आइटमः ग्राहकों की शिकायत पर FSSAI ने स्विगी इंस्टामार्ट को भेजे नौ नोटिस



नई दिल्ली। फूड सेफ्टी रेगुलेटर FSSAI ने क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म स्विगी इंस्टामार्ट को नौ नोटिस जारी किए हैं। कई ग्राहकों की शिकायतों के बाद कंपनी को ये नोटिस जारी किए गए हैं। इन शिकायतों में ग्राहकों ने फूड बिजनेस ऑपरेटर पर एक्सपायर हो चुके, खराब, सड़े-गले, दूषित और असुरक्षित फूड प्रोडक्ट्स सप्लाई करने के आरोप लगाए हैं। रेगुलेटरी बॉडी ने स्विगी इंस्टामार्ट को इस बारे में विस्तृत स्पष्टीकरण और अनुपालन रिपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया है। ऐसा न करने पर उसके खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

FSSAI ने स्विगी इंस्टामार्ट से कहा है कि वह खाद्य नियमों के कथित उल्लंघनों और उन हालात के बारे में दस्तावेजी सबूतों के साथ जानकारी दें जिनकी वजह से ये घटनाएं हुईं। साथ ही प्लेटफॉर्म को क्वालिटी एश्योरेंस, खाद्य सुरक्षा निगरानी, इन्वेंट्री मैनेजमेंट, स्टॉक रोटेशन, स्वच्छता, स्टोरेज, हैंडलिंग के तरीकों और खाद्य सुरक्षा नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए अपनाए गए इंटरनल कंट्रोल की जानकारी देने का आदेश दिया है।

### खराब प्रोडक्ट्स

फूड रेगुलेटर ने कहा कि क्विक डिलीवरी प्लेटफॉर्म से मिले NOICE Eggs को ऐसे ब्रांड नाम के तहत बेचा जा रहा था जो मौजूदा FSSAI लाइसेंस में मंजूर प्रोडक्ट कैटेगरी में शामिल नहीं था। कंपनी को पहले निर्देश दिया गया था कि जब तक प्रोडक्ट वैध लाइसेंस के तहत न हो, तब तक उसे न बेचे और जरूरत पड़ने पर लाइसेंस में बदलाव के लिए आवेदन करें।

ग्राहकों Instamart के जरिए खराब हो चुके अंडे और दूध के साथ-साथ खराब पैकेज्ड फूड आइटम की डिलीवरी का भी आरोप लगाया गया। कई प्रोडक्ट्स को उनकी एक्सपायरी डेट के बाद सप्लाई किया गया था। जांच में यह भी पाया गया कि Akshayakalpa Organic Egg एक्सपायर हो चुके थे, सड़ गए थे, उनसे बदबू आ रही थी और उनमें गंदगी या खराबी के निशान थे। इस वजह से यह प्रोडक्ट इंसानों के खाने लायक नहीं रह गया था।

### ग्राहकों के आरोप

इसी तरह कक्के दा पराठा भी खराब हालत में पाया गया। उससे बदबू आ रही थी और वह भी खाने लायक नहीं था। शिकायत आगे बढ़ाए जाने के बावजूद स्विगी इंस्टामार्ट ने कोई कदम नहीं उठाया।

FSSAI की रिपोर्ट में कहा गया है कि बच्चों के खाने का एक प्रोडक्ट बहुत खराब और असुरक्षित हालत में मिला। उसमें गंदगी/खराबी के निशान थे और उसे ठीक से स्टोर या हैंडल नहीं किया गया था। आरोप है कि खराब प्रोडक्ट वापस किए जाने के बाद स्विगी इंस्टामार्ट ने वही प्रोडक्ट दोबारा कस्टमर को भेज दिया।

## कश्मीर में 60 मिनट के भीतर दो बार फटा बादल, अनंतनाग में बाढ़ से तबाही; होटल और घर जलमग्न



श्रीनगर (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में शनिवार रात महज 60 मिनट के भीतर बादल फटने की दो घटनाओं ने व्यापक तबाही मचा दी। पहलगाम और शांगस (शंगुस) क्षेत्र में अचानक आई बाढ़ से होटल, रिसॉर्ट, घर और खेत पानी व मलबे की चपेट में आ गए। कई स्थानों पर भूस्खलन भी हुआ, जिससे यातायात प्रभावित हुआ और पर्यटन गतिविधियों पर भी असर पड़ा। हालांकि राहत की बात यह है कि अब तक किसी जनहानि की सूचना नहीं मिली है।

पहली घटना शंगुस के चटरगुल के ऊपरी पर्वतीय क्षेत्र में हुई, जहां बादल फटने के बाद आरिपथ नाले का जलस्तर तेजी से बढ़ गया। पहाड़ों से आए तेज बहाव के साथ भारी मात्रा में कीचड़, चट्टानें और पेड़ों का मलबा नीचे बस्तियों और खेतों तक पहुंच गया। इससे सेब के बागों और अन्य फसलों को भारी नुकसान हुआ। स्थानीय लोगों के अनुसार कुछ ही मिनटों में पूरा इलाका बाढ़ की चपेट में आ गया।

इसके लगभग एक घंटे के भीतर दूसरी घटना पहलगाम स्थित ओवेरा वन्यजीव अभयारण्य क्षेत्र में हुई। यहां ओवेरा नाले में अचानक आई बाढ़ का पानी आधा दर्जन से अधिक होटलों, रिसॉर्ट्स और स्थानीय लोगों के घरों में घुस गया। अचानक आए सैलाब से पर्यटकों और स्थानीय निवासियों में अफरा-तफरी मच गई। घटना के बाद जिला प्रशासन ने राहत एवं बचाव अभियान तेज कर दिया। प्रभावित क्षेत्रों में आपदा राहत दल, पुलिस और अन्य एजेंसियों की टीमें तैनात कर दी गई हैं। कई स्थानों पर जमा मलबा हटाने का कार्य जारी है, जबकि बाढ़ग्रस्त इलाकों से पर्यटकों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के दौरान कश्मीर के कई हिस्सों में भारी बारिश की संभावना जताते हुए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## एनसीईआरटी के अधिकारियों पर गिरेगी गाज, शिक्षा मंत्री ने दिए सख्त जांच के आदेश; कोर्ट में लापरवाही से जुड़ा है मामला



नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के अधिकारियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए कड़ा एक्शन लिया है। सूत्रों के मुताबिक, मंत्री ने उन अधिकारियों की गहन जांच के आदेश दिए हैं जो दिल्ली हाई कोर्ट में एक कागज सप्लाई करने वाली कंपनी को ब्लैकलिस्ट करने के फैसले का सही तरीके से बचाव करने में नाकाम रहे। अदालती प्रक्रिया के दौरान बरती गई इस लापरवाही को बेहद गंभीरता से लेते हुए शिक्षा मंत्री ने साफ कर दिया है कि इस मामले में जिम्मेदारी तय की जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होगी।

### बाफना ग्लोबल वेंचर से जुड़ा है विवाद

यह पूरा विवाद बाफना ग्लोबल वेंचर प्राइवेट लिमिटेड से जुड़ा है। एनसीईआरटी ने 22 जून को एक आदेश जारी कर इस कंपनी को अगले दो साल के लिए अपनी खरीद प्रक्रिया में भाग लेने से रोक दिया था। इस ब्लैकलिस्टिंग के फैसले को चुनौती देते हुए कंपनी ने 24 जून को दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। हैरानी की बात यह रही कि मामले की सुनवाई के दौरान अदालत में अपना पक्ष रखने के लिए एनसीईआरटी का कोई भी प्रतिनिधि वहां मौजूद ही नहीं था। इसका सीधा फायदा कंपनी को मिला और हाई कोर्ट ने अगले आदेश तक कंपनी के खिलाफ किसी भी प्रकार की दंडात्मक कार्रवाई पर रोक लगाते हुए अंतरिम राहत दे दी। इतना ही नहीं, अदालत ने हृष्टश्वक्रञ्ज को कंपनी की 6 करोड़ रुपये से अधिक की बैंक गारंटी का इस्तेमाल करने से भी रोक दिया है।

### टेंडर प्रक्रिया और कानूनी पैरवी पर उठे बड़े सवाल

हाईकोर्ट में मामले की सही पैरवी न होने की खबरों पर शिक्षा मंत्रालय ने कड़ा संज्ञान लिया है। मंत्रालय ने एनसीईआरटी से इस पूरे प्रकरण की जांच करने को कहा है, जिसमें मुख्य रूप से इस बात की पड़ताल की जाएगी कि बाफना ग्लोबल वेंचर प्राइवेट लिमिटेड को तय मानक और योग्यता पूरी नहीं करने के बावजूद टेंडर आखिर कैसे मिल गया। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## E-20 से पीछे हटे तो हो जाएगा हजारों करोड़ का नुकसान, सरकार को क्यों सता रहा है डर?



नई दिल्ली। इथेनॉल ब्लेंडिंग पेट्रोल से गाड़ियों के माइलेज और इंजन की परफॉर्मेंस पर असर को लेकर इन दिनों सोशल मीडिया से लेकर गली-मोहल्ले तक बहस चल रही है। सोशल मीडिया पर गाड़िया के पार्ट्स और इंजन को नुकसान पहुंचने की बातें फैल रही हैं। इसके चलते सरकार को अपनी इथेनॉल पॉलिसी का बचाव करना पड़ा है।

ईटी की एक रिपोर्ट के मुताबिक पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय का कहना है कि सरकारी बैंकों ने पिछले कुछ साल में इथेनॉल के उत्पादन और उससे जुड़े इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए हर साल लगभग 1 लाख करोड़ रुपये दिए हैं। अगर E20 पेट्रोल से वापस E10 पेट्रोल पर जाने का कोई कदम उठाया जाता है, तो ये निवेश खतरे में पड़ सकता है।

### हजारों करोड़ के निवेश को खतरा

मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा, ''यह सच है कि इथेनॉल से कुछ गाड़ियों में माइलेज में 3-5 प्रतिशत की कमी आ सकती है लेकिन इस दावे में कोई सच्चाई नहीं है कि इथेनॉल से गाड़ियों के पार्ट्स खराब होते हैं। हर कुछ महीनों में एक नई अफवाह सामने आती है। रबर होज खराब होने, इंजन सीज होने और फ्यूल टैंक में जंग लगने के दावे किए गए। इनमें से कोई भी दावा वैज्ञानिक सबूतों की कसौटी पर खरा नहीं उतरता।'' अपनी पॉलिसी का बचाव करते हुए सरकार ने चेतावनी दी कि पिछले कुछ साल में इथेनॉल इन्फ्रास्ट्रक्चर में किए गए भारी निवेश के बेकार होने का खतरा है। मंत्रालय ने पूछा, 'अगर इतनी क्षमता बनाने के बाद हम वापस ई 10 पर चले जाएं, तो इस निवेश का क्या होगा? अतिरिक्त प्रोडक्शन क्षमता का क्या होगा? किसानों, सहकारी समितियों, उद्यमियों, वित्तीय संस्थानों और सरकारी कंपनियों ने राष्ट्रीय नीति पर भरोसा करके जो हजारों करोड़ रुपये निवेश किए हैं, उनका क्या होगा?'

### प्रीमियम पेट्रोल से तुलना

बयान में कहा गया है कि पब्लिक पॉलिसी में उपभोक्ता के हितों और ऊर्जा सुरक्षा, पर्यावरण की स्थिरता, किसानों के कल्याण और राष्ट्रीय संसाधनों के समझदारी भरे इस्तेमाल के बीच संतुलन बनाना चाहिए। मंत्रालय ने अलग-अलग जगहों से आए उन सुझावों को भी खारिज कर दिया जिनमें कहा गया था कि उपभोक्ताओं को शुद्ध पेट्रोल, ई-10 और ई-20 में से चुनने की आजादी होनी चाहिए, ठीक वैसे ही जैसे वे अभी रेगुलर या प्रीमियम पेट्रोल चुन सकते हैं। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## आज छत्तीसगढ़ विधानसभा का मानसून सत्र, सदन में पेश होंगे 9 संशोधन विधेयक, हंगामे के पूरे आसार



रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ विधानसभा का पांच दिवसीय मानसून सत्र सोमवार से शुरू होकर 17 जुलाई 2026 तक चलेगा। पांच बैठकों वाले इस सत्र में सरकार नौ संशोधन विधेयक पेश करेगी। वहीं किसानों की समस्याओं, नवा रायपुर के नकटी गांव विवाद और कानून-व्यवस्था जैसे मुद्दों को लेकर विपक्ष के हंगामे के आसार हैं। कांग्रेस ने पहले ही दिन नकटी गांव में अतिक्रमण हटाने के मामले पर स्थगन प्रस्ताव लाने की तैयारी की है। सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव भी लाया जा सकता है।

विपक्ष के साथ-साथ सत्ता पक्ष के विधायक भी शामिल

विधानसभा सचिवालय में इस बार कुल 1033 प्रश्न लगाए गए हैं। इनमें 36 विधायकों ने नियमों के तहत अधिकतम 20-20 प्रश्न पूछे हैं। खास बात यह है कि सवाल पूछने वालों में विपक्ष के साथ-साथ सत्ता पक्ष के विधायक भी शामिल हैं।

सत्र के शुरुआती चार दिन प्रश्नकाल और शासकीय कार्य होंगे, जबकि (शेष पृष्ठ 6 पर...)

CMYK

# विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने 20.01 करोड़ रूपए के विकास कार्यो का किया भूमिपूजन एवं लोकार्पण

राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज आदर्श कृषि उपज मंडी प्रांगण राजनांदगांव में 20 करोड़ 1 लाख 67 हजार रूपए की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। इस अवसर पर कृषि विकास एवं किसान कल्याण, आदिम जाति विकास, जैव प्रौद्योगिकी, मछली पालन एवं पशुधन विकास मंत्री श्री रामविचार नेताम तथा सांसद श्री संतोष पाण्डेय विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में आदर्श कृषि उपज मंडी समिति राजनांदगांव की मंडी निधि से 2 करोड़ 39 लाख 17 हजार रूपए के विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया। वहीं राजनांदगांव विकासखंड की ग्राम पंचायतों में विभिन्न मदों से स्वीकृत 16 करोड़ 32 लाख 98 हजार रूपए की लागत के 181 विकास कार्यों का भूमिपूजन तथा 9 ग्राम पंचायतों में 1 करोड़ 29 लाख 52 हजार रूपए की लागत से निर्मित 18 विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं मंत्री श्री रामविचार नेताम ने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से 13 क्लस्टर की 51 ग्राम पंचायतों के सरपंचों से संवाद कर विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए। कार्यक्रम में धान की जगह अन्य फसल लेने वाले किसानों को अरहर और सोयाबीन बीज वितरण किया गया। अंत्योदय स्वरोजगार योजना अंतर्गत मिनीमाता महिला स्वसहायता समूह पेण्ड्री को व्यवसाय संचालित करने के लिए 1 लाख 10 हजार रूपए का चेक वितरण किया गया।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि मंडी निधि का उपयोग ग्रामीण अधोसंरचना के विकास में अधिक से अधिक किया जाना चाहिए, ताकि गांवों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार हो और ग्रामीणों को इसका सीधा लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि आदर्श कृषि उपज मंडी राजनांदगांव प्रदेश की प्रमुख मंडियों में से एक है, जहां किसानों और व्यापारियों की सुविधा के लिए आधुनिक व्यवस्थाएं उपलब्ध हैं। यहां मॉल, सिनेमा, विश्राम गृह, बैंक, पोस्ट ऑफिस, धर्मकांटा, अनाज एवं सब्जी मंडी जैसी अनेक सुविधाएं एक ही परिसर में उपलब्ध हैं। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि राजनांदगांव के किसान फसल विविधीकरण की दिशा में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। धान के साथ-साथ मक्का एवं सोयाबीन जैसी कम पानी वाली फसलों की खेती अपनाने से किसानों की आय बढ़ेगी और जल संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि पंचायत भवन, सीसी रोड, सार्वजनिक भवन, खेल मैदान, बाउंड्री वॉल सहित अन्य निर्माण कार्य ग्रामीणों की सुविधा के लिए किए जा रहे हैं। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से कहा कि विकास कार्यों की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार का समझौता नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य टिकाऊ एवं मानक अनुरूप होने चाहिए ताकि नागरिकों को लंबे समय तक उनका लाभ मिल सके।

कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री श्री रामविचार नेताम ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की आय बढ़ाने के साथ-साथ कृषि को टिकाऊ एवं लाभकारी बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि लगभग 20 करोड़ रूपए से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन जिले के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की पहचान खेती-किसानी और समृद्ध लोक संस्कृति से है, इसलिए इसे संरक्षित और अधिक समृद्ध बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने किसानों को




फसल विविधीकरण अपनाने कहा। धान के साथ-साथ कम पानी और कम लागत वाली फसलों को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है। अत्यधिक धान उत्पादन के कारण भू-जल स्तर में गिरावट, जल स्रोतों पर बढ़ते दबाव तथा रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से भूमि की उर्वरता और पर्यावरण प्रभावित हो रहे हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के मार्गदर्शन में किसानों को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाया गया है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार धान के स्थान पर अन्य फसलें लेने वाले किसानों को 15 हजार रूपए प्रति एकड़ आदान सहायता प्रदान कर रही है, ताकि किसान फसल विविधीकरण के लिए प्रोत्साहित हों।

**◦ आदर्श कृषि उपज मंडी राजनांदगांव प्रदेश की प्रमुख मंडियों में से एक - विधानसभा अध्यक्ष**
**◦ आदर्श कृषि उपज मंडी में किसानों और व्यापारियों की सुविधा के लिए आधुनिक व्यवस्थाएं उपलब्ध**
**◦ विकास कार्यों की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा**
**◦ फसल विविधीकरण को अपनाएं किसान**

मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि किसानों को खेती के साथ पशुपालन, दुग्ध उत्पादन, मत्स्य पालन, बकरी पालन, मुर्गी पालन एवं उद्यानिकी जैसी कृषि आधारित गतिविधियों को भी अपनाना चाहिए, जिससे उनकी आय के अतिरिक्त स्रोत विकसित हों। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन एवं मत्स्य पालन विभाग की योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कर किसानों को लाभान्वित किया जाए। उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्रों को कृषि एवं संबद्ध गतिविधियों के उत्कृष्ट मॉडल के रूप में विकसित करने कहा। यहां आधुनिक कृषि तकनीकों, जैविक खेती, डेयरी, मत्स्य पालन, उद्यानिकी तथा अन्य कृषि आधारित गतिविधियों का प्रदर्शन किया जाए, ताकि किसान नई तकनीकों को देखकर उन्हें अपने खेतों में अपनाने के लिए प्रेरित हों। उन्होंने कहा कि किसानों की सहभागिता और शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से प्रदेश में कृषि और अधिक समृद्ध होगी तथा किसानों की आय में निरंतर वृद्धि होगी।

सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए लगातार लोकार्पण, भूमि पूजन व शिलान्यास कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा विकसित भारत-जीरामजी (वीबी-जीरामजी) योजना के तहत ग्रामीण श्रमिकों को 125 दिनों का काम मिलेगा और ग्रामीण श्रमिकों को 300 रूपए की दर से भुगतान किया जाएगा। इस योजना के तहत ग्रामों में पौधरोपण, जल संरक्षण सहित अन्य कार्य किया जा सकता है। वीबी-जीरामजी योजना के तहत ग्राम के सरपंच, पंच, पटेल एवं ग्रामीण मिलकर गांव के विकास के लिए निर्णय ले सकेंगे। उन्होंने किसानों को ग्रीष्म काल में धान की खेती नहीं करने कहा। उन्होंने जल संरक्षण को बढ़ावा देने कहा। उन्होंने कहा कि किसान देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। उन्होंने किसानों से देश के राजस्व को अन्य देशों में जाने से रोकने तथा देश को कृषि उत्पादन क्षेत्र में स्वावलंबी बनाने के लिए धान के साथ दलहन, तिलहन सहित अन्य फसल लेने कहा।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव ने कहा कि राज्य सरकार के नेतृत्व में राजनांदगांव जिले की ग्राम पंचायतों में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों में विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन से ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा और जनसामान्य को इसका सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि गांवों में सड़क, भवन एवं अन्य अधोसंरचनात्मक सुविधाओं के विकास के साथ-साथ शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। किसान, महिलाएं एवं ग्रामीण परिवार विभिन्न योजनाओं से सशक्त हो रहे हैं और ग्राम पंचायतें आत्मनिर्भर एवं समृद्ध बनने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों एवं ग्राम पंचायतों को विकास कार्यों के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ग्राम पंचायतों का समग्र विकास ही विकसित छत्तीसगढ़ और विकसित भारत की मजबूत नींव है।

सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर अध्यक्ष छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल नीलू शर्मा, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मार्यादित के अध्यक्ष सचिन बघेल, जनपद पंचायत राजनांदगांव की अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा चंद्राकर, अध्यक्ष राजगामी संपदा न्यास श्रीमती पूर्णिमा साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती किरण साहू, खूबचंद पारख, कोमल सिंह राजपूत, संतोष अग्रवाल, रमेश पटेल, सौरभ कोठारी, राजेश श्यामकर, वनमंडलाधिकारी आयुष जैन, सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, किसान उपस्थित थे। पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ग्राम पंचायत कोपेडीह से वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से जुड़े रहे।

## जिले के 7 परीक्षा केन्द्रों में सूबेदार, उप निरीक्षक संवर्ग एवं प्लाटून कमांडर (प्रारंभिक) परीक्षा का हुआ आयोजन



**कलेक्टर ने परीक्षा केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण**

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा सूबेदार, उप निरीक्षक संवर्ग एवं प्लाटून कमांडर (प्रारंभिक) परीक्षा 2024 का जिले के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में आयोजन किया गया। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान परीक्षा केन्द्रों में अभ्यर्थियों के प्रवेश, पहचान सत्यापन, बैठक व्यवस्था, पेयजल, विद्युत, स्वच्छता एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने केन्द्राध्यक्षों एवं परीक्षा ड्यूटी में तैनात अधिकारियों को आयोग के दिशा-निर्देशों का पूर्णतः पालन करते हुए परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने निर्देशित किया।

कलेक्टर ने परीक्षा केन्द्रों में गोपनीयता बनाए रखने, प्रतिबंधित सामग्री पर प्रभावी निगरानी रखने तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पर तत्काल नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी सतर्कता एवं निष्पक्षता के साथ करें, जिससे परीक्षा सुचारू रूप से संपन्न हो सके। उल्लेखनीय है कि जिले में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा सूबेदार, उप निरीक्षक संवर्ग एवं प्लाटून कमांडर (प्रारंभिक) परीक्षा 2024 का जिले के 7 परीक्षा केन्द्रों में सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित की गई। जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा के सफल संचालन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्व से ही सुनिश्चित की गई थी।

## अग्रवाल समाज का सेवा संकल्पः बेटियों के लिए निःशुल्क एचपीवी टीकाकरण शिविर शुरू, कॉमर्स कोचिंग और कम्प्यूटर सेंटर का भी हुआ शुभारंभ




राजनांदगांव (दावा)। 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' की भावना के साथ नगर के अग्रवाल समाज लगातार समाज सेवा के नए प्रतिमान स्थापित कर रहा है। इसी कड़ी में अग्रवाल सभा, अग्रवाल महिला मंडल एवं अग्रवाल नवयुवक मंडल के संयुक्त तत्वावधान में सर्व समाज की बेटियों के लिए निःशुल्क ह्यूमन पेपिलोमा वायरस (HPV) टीकाकरण शिविर का गरिमामय शुभारंभ किया गया। इस सेवा कार्य के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद अभिषेक सिंह थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सांसद एवं महापौर मधुसूदन यादव ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में अग्रवाल सभा के पूर्व अध्यक्ष व विधायक प्रतिनिधि संतोष अग्रवाल एवं प्रतिष्ठित समाजसेवी नंदकुमार अग्रवाल उपस्थित रहे। अतिथियों का अग्रवाल समाज के पदाधिकारियों द्वारा आत्मीय स्वागत व अभिनंदन किया गया।

### अग्रणी रहा है अग्रवाल समाज का इतिहास

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि भगवान अग्रसेन जी के वंशजों की दानशीलता का इतिहास देश भर में जगजाहिर है। देश के विकास में चिकित्सालय, धर्मशाला, कुएं और शिक्षण संस्थानों की स्थापना में समाज के दानवीरों का अतुलनीय योगदान रहा है। राजनांदगांव का अग्रवाल समाज भी इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए बिना किसी भेदभाव के सर्व समाज के हित में निरंतर कार्य कर रहा है।

### नई सुविधाओं की हुई शुरुआत

निःशुल्क कॉमर्स कोचिंग सेंटरः हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों के लिए सर्व समाज हेतु निःशुल्क कॉमर्स कोचिंग सेंटर की शुरुआत आज से की गई है। श्रीमती अंगूरी देवी मूलचंद जी अग्रवाल स्मृति कंप्यूटर सेंटर, जो कोरोना काल से बंद था, उसे आज समाजसेवी अशोक गोपाल जी अग्रवाल के सहयोग से पुनः प्रारंभ किया गया है। यहाँ बच्चों को निःशुल्क कंप्यूटर शिक्षा दी जाएगी।

### होम्योपैथी चिकित्सालय

पिछले 25 वर्षों से संचालित होम्योपैथी चिकित्सालय जिसे महामारी के दौरान बंद करना पड़ा था, उसे भी शीघ्र ही पुनः प्रारंभ करने की योजना है।

### कोरोनाकाल और स्वास्थ्य सेवाओं में बेमिसाल योगदान

समारोह में अग्रवाल समाज द्वारा किए गए सेवा कार्यों को रेखांकित किया गया। कोरोना संकट के दौरान समाज ने राशन किट वितरण, ऑक्सीजन सिलेंडर, पुलिस व यात्रियों के लिए ग्लूकोज वितरण, कुलियों व मंदिर आश्रित व्यवसायियों को नकद सहायता तथा मरीजों को भोजन व अस्पतालों में बेड उपलब्ध कराने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई थी। इसके अलावा, विगत वर्षों में नारायण हॉस्पिटल व रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल रायपुर के सहयोग से निःशुल्क शिविर लगाए गए। पिछले माह ही हकलाने व तुतलाने वाले 30 बच्चों का निःशुल्क उपचार शिविर आयोजित किया गया, वहीं स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर पोलियो उन्मूलन अभियान भी चलाया गया।

### भवन में वर्तमान में उपलब्ध सुविधाएं

अग्रवाल सभा द्वारा वर्तमान में भी सर्व समाज के उपयोग के लिए अग्रसेन भवन में शव सुरक्षा फ्रीजर, ऑक्सीजन सिलेंडर, ऑक्सीजन मशीन एवं मरीजों के लिए विशेष बेड की व्यवस्था निरंतर रखी गई है। सभा के पदाधिकारियों ने कहा कि यदि शासन-प्रशासन का इसी तरह सहयोग प्राप्त होता रहे, तो अग्रवाल सभा ऐसे सेवा कार्यों को स्थाई रूप से संचालित करने के लिए पूरी तरह तत्पर है। इस अवसर पर अग्रवाल सभा, महिला मंडल और नवयुवक मंडल के पदाधिकारी, सदस्य एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक व हितग्राही उपस्थित थे।

## आज अयोध्या श्रीराम मंदिर चढ़ावा चोरी एवं वित्तीय अनियमितताओं के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

राजनांदगांव (दावा)। जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अनीस खान ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार 13 जुलाई को अयोध्या श्रीराम मंदिर में चढ़ावा चोरी एवं कथित वित्तीय अनियमितताओं के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी एवं शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विपिन यादव एवं शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार के नेतृत्व में कांग्रेसजन शहर के प्रमुख मार्गों से भ्रमण करते हुए विरोध प्रदर्शन करेंगे तथा केंद्र सरकार के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराएंगे।

प्रवक्ता अनीस खान ने कांग्रेस के समस्त पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, मोर्चा-प्रकोष्ठों, ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों, पार्षदों, वरिष्ठ कांग्रेसजनों एवं कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## शराब पीने के लिए पैसे की मांग कर, युवक के पर्स से 2000 रूपये लेकर भागे, आरोपी गिरफ्तार



राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में लूटमारी करने वाले आरोपियो पर त्वरित कार्यवाही करते हुए उन्हें धर दबोचा है और उनके पास से लूटे गए नगदी रकम 1300 रुपए जब्त की है और आरोपियों को जेल की सीखचों में भेज दिया है।

बसंतपुर थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि इस घटना का एक और आरोपी फरार चल रहा है जिसकी जल्द ही गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

उन्होंने बताया कि आरोपियों द्वारा शराब पीने के लिए पैसे की मांग कर, प्रार्थी के पर्स से नगदी रकम 2000 रूपये लेकर चंपत हो गए थे। प्रकरण का एक आरोपी घटना कारित कर फरार है। जिसकी सरगर्मी से पता तलाश पुलिस जुटी हुई है।

थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि रविवार 12 जुलाई को प्रार्थी पुष्पेन्द्र देवांगन पिता पोखराज देवांगन निवासी ग्राम बोरी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह सदर लाईन होते हुए पैदल, सिंगदई जा रहा था। तभी मोटर सायकल में सवार 3 व्यक्ति उसके पास आकर 2 सौ रूपये शराब पीने के लिए मांगे। प्रार्थी द्वारा रुपए देने से मना करने पर एक व्यक्ति प्रार्थी को चाकू दिखाऊ कहकर डराने लगा। तब प्रार्थी डर के कारण अपने जेब से पर्स निकाला तो उन तीनों व्यक्तियों के द्वारा प्रार्थी के पर्स में रखे नगदी रकम 2000 रूपये को झटक लिये। युवक की इस रिपोर्ट पर थाने में अपराध क्रमांक 319/2026 धारा 119(2), 3(5) भारतीय न्याय संहिता पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

आरोपियों के हाट बाजार में छुपने की जानकारी प्राप्त होने पर तत्काल कार्यवाही कर आरोपी आकाश बघेल पिता मोहन बघेल उम्र 25 साल निवासी नंदई कुंआ चौक, पप्पू यादव पिता राम सिंह यादव उम्र 24 साल निवासी महावीर वार्ड डबरीपारा को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया जो अपने अन्य साथी अजय मंडावी के साथ घटना कारित करना स्वीकार किया। पुलिस द्वारा आरोपियों के कब्जे से नगदी रकम 1300 रूपये जप्त कर न्यायिक अभिरक्षा में उन्हें पेश कर जेल वारंट प्राप्त होने पर जेल भेज दिया गया है। प्रकरण के अन्य फरार आरोपी की सरगर्मी से पता तलाश की जा रही है।

## पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा ने किया थाना डोंगरगढ़ का आकस्मिक निरीक्षण



डोंगरगढ़ (दावा)। पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा द्वारा रविवार 12 जुलाई को थाना डोंगरगढ़ का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, मालखाना, हवालात, सीसीटीएनएस कक्ष, शस्त्रागार, अपराध एवं शिकायत रजिस्टर, मर्ग, गुम इंसान, समन-वारंट तथा थाना के अन्य महत्वपूर्ण अभिलेखों का सूक्ष्म निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने लंबित अपराधों एवं शिकायतों के शीघ्र निराकरण, गंभीर प्रकरणों की गुणवत्तापूर्ण विवेचना, फरार आरोपियों की गिरफ्तारी, समन-वारंट की समयबद्ध तामीली तथा महिला एवं बाल अपराधों में संवेदनशील एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### बढ़ती सड़क दुर्घटनाओ के रोकथाम के निर्देश

पुलिस अधीक्षक सुश्री शर्मा ने जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के संबंध में विशेष समीक्षा करते हुए दुर्घटना संभावित (ब्लैक स्पॉट) क्षेत्रों में नियमित चेकिंग, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का पालन सुनिश्चित कराने, शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही, तेज गति एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई तथा आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। दुर्घटना होने की स्थिति में घायलों को तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने एवं गोल्डन आवर का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने पर भी विशेष बल दिया गया।

**◦ थाना परिसर एवं विभिन्न अभिलेखों का सूक्ष्म निरीक्षण कर दिया आवश्यक दिशा-निर्देश दिए**
**◦ लंबित अपराधों के शीघ्र निराकरण, फरार आरोपियों की गिरफ्तारी तथा यातायात सुरक्षा पर दिया विशेष जोर**

पुलिस अधीक्षक महोदया ने थाना परिसर की साफ-सफाई, अभिलेखों के सुव्यवस्थित संधारण, शासकीय संपत्तियों के रख-रखाव, पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों में अनुशासन बनाए रखने, जनसुनवाई को प्राथमिकता देने तथा आमजन के प्रति संवेदनशील एवं सौहार्दपूर्ण व्यवहार बनाए रखने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण दौरान एसडीओपी डोंगरगढ़ केशरी नंदन नायक, थाना प्रभारी निरीक्षक भूषण चंद्राकर सहित थाना डोंगरगढ़ के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।







# कोरकोट्टी हमले के अमर शहीदों को राजनांदगांव पुलिस और जनप्रतिनिधियों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

## शहीद एसपी विनोद चौबे सहित 29 वीर जवानों की पुण्य स्मृति में कार्यक्रम; पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने किया शहीद परिवारों का सम्मान










राजनांदगांव (दावा)। गत 12 जुलाई 2009 को तत्कालीन जिला राजनांदगांव (वर्तमान जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी) के ग्राम कोरकोट्टी (थाना मानपुर) में नक्सलियों से लोहा लेते हुए अपनी माटी की रक्षा के लिए प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले तत्कालीन पुलिस अधीक्षक स्वर्गीय श्री विनोद कुमार चौबे सहित 29 वीर पुलिस जवानों की पुण्य स्मृति में रविवार को जिला पुलिस राजनांदगांव द्वारा एक गरिमामय श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया।

### प्रतिमा और शहीद स्मारक पर अर्पित किए श्रद्धासुमन

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 9 बजे शहीद श्री विनोद कुमार चौबे की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके पश्चात रक्षित केन्द्र राजनांदगांव स्थित शहीद स्मारक एवं मंगल भवन में सभी वीर शहीदों के छायाचित्रों पर पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रखा गया। उपस्थित जनों ने शहीदों के अद्वितीय साहस, कर्तव्यनिष्ठा एवं राष्ट्रसेवा को नमन किया।

### शहीद परिवारों की सुनी गईं समस्याएं

इस भावुक क्षण में पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने शहीद परिवारों का शाल एवं श्रीफल भेंटकर आदरपूर्वक सम्मान किया। पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक परिवार से आत्मीय संवाद करते हुए उनकी समस्याओं व आवश्यकताओं को अत्यंत संवेदनशीलता से सुना तथा प्राथमिकता के आधार पर उनके त्वरित निराकरण का आश्वासन दिया। एसपी ने कहा कि शहीदों का सर्वोच्च बलिदान सदैव पुलिस परिवार और समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा।

### शहीदों की याद में स्वास्थ्य शिविर व रक्तदान का आयोजन, 21 पुलिस कर्मियों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान



### मानव सेवा से दी अदम्य साहस को श्रद्धांजलि

शहीदों की पावन स्मृति में जिला पुलिस द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। इस शिविर में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसमें 21 अधिकारी-कर्मचारियों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा के माध्यम से वीर शहीदों को एक अनूठी श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि समारोह में विशेष रूप से उपस्थित सांसद संतोष पांडे, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, महापौर मधुसूदन यादव, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल नीलू शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, जिपं. अध्श्क्ष श्रीमती किरण वैष्णव, उपाध्श्क्ष श्रीमती किरण साहू, राजगामी संपदा की अध्यक्ष श्रीमती पूर्णिमा साहू, सीसीबी अध्यक्ष सचिन बघेल, कुलबीर छाबड़ा तथा नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने वीर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए। जनप्रतिनिधियों ने शहीद परिवारों को विश्वास दिलाया कि उनकी सुरक्षा, सम्मान और कल्याण शासन-प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और वे हर मोड़ पर उनके साथ मजबूती से खड़े हैं। इस गरिमामय व देशप्रेम से ओतप्रोत कार्यक्रम में कलेक्टर जितेन्द्र यादव, पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर, पीटीएस से डीएसपी श्रीमती किरण चौधरी, रक्षित निरीक्षक लोकेश कुमार कसेर सहित जिले के समस्त पुलिस अधिकारी-कर्मचारी, शहीद परिवारों के सदस्य तथा पत्रकार बंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर सभी उपस्थितजनों ने वीर शहीदों के अदम्य साहस और देशभक्ति को अक्षुण्ण बनाए रखने तथा राष्ट्र सेवा में सदैव समर्पित रहने का संकल्प लिया।

# सर्वग्य राव शूटिंग अकादमी राजनांदगाव के खिलाड़ी राज्य स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता में भाग लेंगे




राजनांदगाव(दावा)। सर्वग्य राव शूटिंग एकेडमी राजनांदगाव के 14 खिलाड़ियों का दल छत्तीसगढ़ राज्य राइफल एसोसिएशन द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये रायपुर जायेगा. इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के खिलाडी विभिन्न आयु वर्ग में भाग लेंगे. इस प्रतियोगिता में 10, 25 और 50 मीटर एयर पिस्टल, तथा 10,25, और 50 मीटर एयर राइफल में सब युथ, युथ, जूनियर, सीनियर, मास्टर्स, सीनियर मास्टर और सुपर मास्टर आयु वर्ग के खिलाडी भाग लेंगे. इस प्रतियोगिता में सर्वज्ञ राव शूटिंग एकेडमी राजनांदगांव के विवान भोजानी, हितांश बैद, शिवांश शर्मा, कालवा अथर्व राव, कालवा सर्वज्ञ राव, शुकुन मोटलानी, कु. दर्शना भट्टाचारजी, कु. गुरकिरत कौर, कु. अंजनी, कु. वैभवी थावरे, जान्हवी कुमारी सभी सब युथ में कु. भुमिका साहु युथ में, कालवा राधा राव सिनियर में एवं कालवा राजेश्वर राव सिनियर मास्टर्स में भाग लेंगे।

टीम की कोच सुश्री ख्याति तालियान( एन आई एस डिप्लोमा कोच) होंगी। उल्लेखनीय है कि सर्वज्ञ राव शूटिंग एकेडमी की स्थापना के पश्चात यह दुसरा मौका है। जब इसमें प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले खिलाड़ी किसी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने जायेंगे। पिछले इसी एकेडमी के आयुष वर्मा, कालवा सर्वज्ञ राव एवं काकुल शेखावत ने प्रि नेशनल में भाग लिया था। इस एकेडमी की काकुल शेखावत पहली खिलाड़ी बालिका खिलाड़ी हुई जो नेशनल के लिए चयनित हुई। सर्वज्ञ राव शुटिंग एकेडमी के बालक बालिका खिलाड़ी अगस्त में दार्जिलिंग में आयोजित सी बी एस ई जोनल शुटिंग प्रतियोगिता में भी भाग लेने जावेगी।

### महाप्रभु की अगवानी की तैयारी जोरों से...



राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय प्रभात नगर के जगन्नाथ मंदिर परिसर में महाप्रभु जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा हेतु पारंपरिक रूप से रथ का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है, जिसे कारीगर अंतिम रूप देने में जुटे हैं।

# पुरानी पेंशन सहित सात सूत्रीय मांगों को लेकर महासंघ का विशाल आमसभा एवं धरना प्रदर्शन



राजनांदगांव (दावा)। भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ के द्वारा अखिल भारतीय मजदूर संघ के मंत्री एवं विद्युत प्रभारी राधेश्याम जायसवाल के मार्गदर्शन में और छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय तिवारी एवं प्रदेश महामंत्री नवरतन बरेठ के कुशल नेतृत्व में विद्युत कंपनी प्रबंधन के बार-बार के वादाखिलाफी से आक्रोशित होकर महासंघ की बहुप्रतीक्षित मांग विद्युत कंपनी में 2004 के बाद नियुक्त अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन बहाली, संविदा नियमितीकरण, नई भर्ती, वेज रिवीजन लागू होने तक 20 प्रतिशत अंतरिम राहत, रिस्ट्रक्चरिंग और ठेकाकर्मियों के वेतन भुगतान के संबंध में दिनांक 10 जुलाई को एकदिवसीय, डंगनिया रायपुर में विशाल आमसभा एवं धरना प्रदर्शन कर अपना विरोध दर्ज किया गया।

विगत वर्ष महासंघ के आंदोलन से भयभीत होकर विद्युत कंपनी प्रबंधन के द्वारा 17अक्टूबर 2025 को लिखित में आश्वासन देते हुए राज्य सरकार से अनुमोदन लेकर अतिशीघ्र पुरानी पेंशन बहाली का आदेश जारी करने आश्वस्त किया गया था। लेकिन 8 माह बीत जाने के बाद भी कोई सार्थक परिणाम नहीं मिलने पर महासंघ पुनः आंदोलन करने विवश हुआ। महासंघ के द्वारा प्रथम चरण में 01 से 30 जून 2026 तक हस्ताक्षर आभियान के तहत हस्ताक्षर पत्रक ने अधिकारियों कर्मचारियों के हस्ताक्षर लिया गया।

द्वितीय चरण में 10 जुलाई को डंगनिया रायपुर में विद्युत कंपनी मुख्यालय के सामने एकदिवसीय विशाल आमसभा एवं धरना प्रदर्शन करते हुए विद्युत कंपनी के चेयरमैन के नाम ज्ञापन सौंपकर विरोध दर्ज किया गया और विद्युत कंपनी प्रबंधन को चेतावनी देते हुए आगाह किया कि यदि कर्मचारी हितैषी इन सात सूत्रीय मांगों पर 15 अगस्त तक आदेश जारी नहीं करती है तो महासंघ 17 अगस्त 2026 से अनिश्चितकालीन कामबंद आंदोलन करेगा। विशाल आमसभा एवं धरना प्रदर्शन में अनेक संगठन का भी समर्थन प्राप्त हुआ और 17 अगस्त से अनिश्चितकालीन कामबंद आंदोलन में समर्थन देने आश्वस्त किया गया।

# श्री राजपूत करणी सेना ने की ईडब्ल्यूएस का 10 प्रतिशत आरक्षण छत्तीसगढ़ में देने की मांग



राजनांदगांव(दावा)। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) को संविधान के तहत मिले 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रभावी लाभ छत्तीसगढ़ में सुनिश्चित करने की मांग तेज हो गई है। श्री राजपूत करणी सेना (कालवी विचारधारा) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय बहादुर सिंह के नेतृत्व में संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इसमें राज्य में ईडब्ल्यूएस आरक्षण के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ निगरानी व्यवस्था मजबूत करने की मांग की गई।

- आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को आरक्षण में देना है 10 प्रतिशत का लाभ, राजस्थान में प्रभावी रूप से लागू छत्तीसगढ़ पिछड़ा
- करणी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय बहादुर सिंह के नेतृत्व में राजपूत समाज ने विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह के समक्ष रखी मांग

प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि संविधान के 103वें संशोधन के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को 10 प्रतिशत आरक्षण का अधिकार मिला है, लेकिन छत्तीसगढ़ में इसका लाभ सभी पात्र लोगों तक प्रभावी ढंग से नहीं पहुंच पा रहा है। राजस्थान सहित कई राज्यों में इस दिशा में बेहतर व्यवस्था लागू की गई है, इसलिए छत्तीसगढ़ में भी इसे पूरी गंभीरता से लागू किया जाना चाहिए।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय बहादुर सिंह ने कहा कि यह किसी वर्ग विशेष की नहीं, बल्कि संविधान प्रदत्त अधिकारों को हर पात्र नागरिक तक पहुंचाने की मांग है। ज्ञापन में राज्य सरकार से जल्द आवश्यक निर्णय लेने का आग्रह किया गया है।

### समाज ने रखी चार प्रमुख मांगें

राज्य में ईडब्ल्यूएस (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) के 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रभावी और पूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। ईडब्ल्यूएस आरक्षण के पालन की निगरानी के लिए राज्यस्तरीय मॉनिटरिंग बोर्ड का गठन किया जाए।

ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए एक स्पष्ट, पारदर्शी और प्रभावी कार्यप्रणाली (एसओपी/दिशा-निर्देश) तैयार कर सभी विभागों में लागू की जाए। राजस्थान मॉडल के अनुरूप राज्य में लागू हो ईडब्ल्यूएस के सभी प्रावधान समयबद्ध तरीके से ईडब्ल्यूएस की कार्ययोजना और बजटीय प्रावधान हो

ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रदेश सह सचिव गोल्डी भदोरिया, जिलाध्यक्ष अमन बहादुर सिंह, संजय सिंह राजपूत, अजय कुशवाहा, कपिल चौहान, अभिनव सिंह, चंदन सिंह, संतोष ठाकुर सहित महिला विंग की महिलाएं उपस्थित रहीं.

### ग्राम बाटगांव में छात्र युवा मंच ने रोपे पौधे



घुमका (दावा)। घुमका क्षेत्र के ग्राम बाटगांव में वृहद पौधारोपण किया गया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने संस्था-संगठनों को निःशुल्क पौधा वितरण किया। इसी पौधों को वृक्ष बनाने के संकल्प के साथ रोपा गया। छात्र युवा मंच की तरफ भी वहां विभिन्न प्रजातियों के पौधों रोपण किया गया। मंच के जिलाध्यक्ष साहिल जंघेल व राजनांदगांव शहर अध्यक्ष भव्य देवांगन ने अपनी टीम के साथ पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

# महामंडलेश्वर स्वामी आनंद चैतन्य सरस्वती जी के सानिध्य में गुरु पूर्णिमा महोत्सव 29 जुलाई को



### श्री अग्रसेन भवन में आयोजित होगा महोत्सव

राजनांदगांव (दावा)। श्रीमतपरमहंस परिव्राजकाचार श्रोणित ब्रह्मनिष्ठ अनंत श्री विभूषित, आनंद कृष्ण धाम, हरिद्वार के परमाध्यक्ष, महामंडलेश्वर स्वामी आनंद चैतन्य सरस्वती जी का संस्कारधानी नगरी में आगमन आगामी 26 जुलाई को होने जा रहा है। वे यहां गुरुदेव भक्त मंडल द्वारा आयोजित गुरु पूर्णिमा महोत्सव में शामिल होंगे। यहां श्री अग्रसेन भवन में शिष्यों द्वारा पूज्य गुरुदेव भगवान का पूजन किया जाएगा।

गुरुदेव भक्त मंडल के अशोक लोहिया द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार राजनांदगांव में पूज्य स्वामी जी के लगभग 200 शिष्य निवास करते है। यहां के शिष्यों के आग्रह पर स्वामी जी ने इस वर्ष का गुरुपूर्णिमा महोत्सव राजनांदगांव में करने का निर्णय लिया है। इस दौरान पूरे देशभर में फैले अनेक शिष्यों का आगमन राजनांदगांव में होने जा रहा है। पूरे आयोजन की सफलता के लिए स्थानीय शिष्यों द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही है।

श्री लोहिया ने बताया की गुरु पूर्णिमा महोत्सव 29 जुलाई 2026, बुधवार को श्री अग्रसेन भव, राजनांदगांव में आयोजित किया गया है। महोत्सव को भव्यता प्रदान करने एवम व्यवस्थाओं के सुचारू संचालन हेतु गुरुदेव भक्त मंडल के सदस्यो की एक महत्वपूर्ण बैठक समिति के सदस्य डॉ. कल्याण साहू के निवास में संपन्न हुई। बैठक में पूज्य गुरुदेव भगवान के आगमन, आवास व्यवस्था, मंच साज सज्जा, गुरु पूजन, गुरु प्रसादी की व्यवस्था पर चर्चा कर निर्णय लिया गया। बाहर से आने वाले गुरु भाई एवं गुरु बहनों के आवास इत्यादि की समुचित व्यवस्था अग्रसेन भवन में की गई है। बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार पूज्य गुरुदेव भगवान की आवास व्यवस्था डॉ. कल्याण साहू के निवास, केशर नगर, राजनांदगांव में रहेगी। बैठक में प्रमुख रूप से गौरीशंकर शर्मा, गजानन शर्मा, अशोक लोहिया, डा. कल्याण साहू, लक्ष्मण लोहिया, बाबूलाल अग्रवाल, मनीष लोहिया, हितेंद्र शर्मा हित्तू , श्रीमती संगीता चंद्रकांत जोशी एवम श्रीमती भारती कल्याण साहू उपस्थित हुए। सभी ने महोत्सव को धूमधाम से मानने का निर्णय लिया है।

# शहर के तीन असामाजिक तत्व पुलिस के हत्थे चढ़े



### आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

राजनांदगांव (दावा)। सिटी कोतवाली पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में तीन असामाजिक तत्वों को धर दबोचा है और उन्हें गिरफ्तार कर जेल की सलाखों में भेज दिया है। घटना के संबंध में कोतवाली थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार शाह ने बताया कि रविवार 12 जुलाई को अम्बेडकर चौक ओव्हरब्रिज के नीचे सुमन नायक उर्फ उड़ी पिता गोपाल नायक उम्र 29 साल निवासी प्रभात नगर एवं विजय ठाकुर पिता रसानंद ठाकुर उम्र 19 साल निवासी सहदेव नगर स्थाई पता ग्राम तालमोला जूनागढ़ शराब पीते हुए किसी बात को लेकर आपस में वाद-विवाद कर रहे थे उन्हे शांति भंग की अंदेशे से धर दबोचा गया।

इसी तरह राम दरबार चौक के पास रेहमत आटो मोबाईल इलेक्ट्रिक शोरूम रायपुर नाका में बुधराम उईके पिता संतोष उइके उम्र 27 साल निवासी गोंदीटोला काटगीलाम बालाघाट द्वारा खड़ी गाड़ी के चाबी को निकाल कर चोरी करने का प्रयास करने की सूचना पर मौके पर पहुंचकर पुलिस द्वारा उसे समझाने का प्रयास किया गया जो काफी आक्रोशित होकर मारने मरने की धमकी देने लगा। इससे शांति व्यवस्था भंग होने की स्थिति निर्मित हो जाने से धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार कर धारा 126, 135 (3) बीएनएसएस की कार्यवाही कर उसे कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि आगे भी शांति व्यवस्था को भंग करने आसामाजिक तत्वों के खिलॉफ कार्यवाही जारी रहेगी।

# मिथिलाधाम मौनी बाबा आश्रम में आषाढ़ नवरात्रि पर भव्य हनुमंत महायज्ञ, 1100 लड्डुओं का लगेगा महाभोग

राजनंदगांव (दावा)। श्री मिथिला धाम गणेश हनुमान मंदिर मौनी बाबा आश्रम में अषाढ़ शुक्ल पक्ष प्रतिपदा के दिन से अषाढ़ नवरात्रि प्रारंभ हो रही है। पूज्य मोनी बाबा के संरक्षण में इस दिन श्री हनुमंत महायज्ञ के निमित्त कलश यात्रा निकाली जाएगी ज्ञात हो कि आषाढ़ शुक्ल पक्ष द्वितीया और प्रसिद्ध रथ दूज के दिन 1988 में श्री गणेश मंदिर की स्थापना हुई थी इस वर्ष गणेश मंदिर को 38 वर्ष पूर्ण हो जाएंगे। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम होंगे और 11 सौ लड्डू से श्री गणेश जी को भोग लगाया जाएगा और उसका भक्तों में वितरण किया जाएगा स्थापना दिवस के अवसर पर मोनी बाबा का भंडारा भी किया जाएगा। इस वर्ष यज्ञ के दौरान अयोध्या धाम से लक्ष्मण किला के प्रमुख किलाधीश महाराज का आगमन होगा और बहुत से साधु संत मोनी बाबा आश्रम में पधारेंगे।

यज्ञ में विद्वान पंडित अशोक महाराज पंडित आदित्य झा सहित 11 पंडित हिस्सा लेंगे जो वैदिक मंत्रोचार से यज्ञ संपन्न कराएंगे। इस यज्ञ में प्रधान यजमान के रूप में श्रीमती कुमुद चौधरी एवं अशोक चौधरी हिस्सा लेंगे। राजनांदगांव के सभी भक्तगणों को विश्व कल्याण हेतु किए जा रहे इस आयोजन में हिस्सा लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील मंदिर समिति के महंत त्यागी बाबा ने किया है।

# अनमोल दावा

**"उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए।"**

## एक भी शहर स्मार्ट सिटी के तौर पर विकसित नहीं

भारत के अंदर दो भारत की बात करें तो आर्थिक व सामाजिक आधार पर दो विभाजन के साथ साथ भौगोलिक विभाजन के आधार पर भी दो भारत दिखेंगे। यह विभाजन उत्तर और दक्षिण भारत का है। हर मामले में दोनों भौगोलिक इलाकों का अंतर साफ दिखाई देगा। उत्तर भारत या हिंदी पट्टी से बड़ी संख्या में लोग चेन्नई के शंकर नेत्रालय में इलाज के लिए जाते हैं। वहां से लौट कर हर व्यक्ति दक्षिण जाने वाली ट्रेनों की व्यवस्था, साफ सफाई का जिक्र करेगा और यह भी बताएगा कि अस्पताल कितना अच्छा है। दक्षिण के मंदिरों में जाकर लौटने वाले तो उनका गुणगान करते नहीं थकते हैं। खासतौर पर मंदिर की व्यवस्था और सफाई की। लेकिन सवाल है कि मंदिर या अस्पताल या ट्रेन की व्यवस्था उत्तर भारत में भी बेहतर क्यों नहीं हो सकती है? वैसी ही सफाई उत्तर भारत में भी क्यों नहीं होती? यह बुनियादी अंतर कई चीजों में दिखाई देता है।

अगर सिर्फ इस सदी के 25 साल की बात करें तो उत्तर और दक्षिण के दो बुनियादी रूप से अलग भारत की तस्वीर और साफ दिखेगी। इस सदी में ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था और आईटी क्रांति के इर्द गिर्द जैसा काम दक्षिण में हुआ है उसके मुकाबले उत्तर भारत में कुछ नहीं हुआ। दक्षिण में होड़ लगा कर बेंगलुरू और हैदराबाद ने काम किया। यह बहस छिड़ी कि भारत का सिलिकॉन वैली किस शहर को कहा जाए। इस तरह की कोई होड़ उत्तर भारत के राज्यों में नहीं दिखी। एक तरफ कर्नाटक और आंध्र प्रदेश आईटी और आईटी आधारित सेवाओं की इंडस्ट्री को प्रमोट कर रहे थे तो तमिलनाडु ने दूसरी औद्योगिक इकाइयों को प्रमोट किया। चेन्नई से चारों दिशाओं में सौ किलोमीटर के दायरे में देशी, विदेशी कंपनियों के अनगिनत प्लांट लगे हैं। उधर केरल ने अपने यहां शिक्षा व स्वास्थ्य की सबसे अच्छी व्यवस्था विकसित की।

दक्षिण में पिछली एक चौथाई सदी में कई शहर बस गए और कई नए शहर बसाए जा रहे हैं। तेलंगाना में रेवंत रेड्डी की सरकार फोर्थ सिटी बसा रही है। हैदराबाद, सिकंदराबाद और साइबराबाद के बाद अब रंगारेड्डी जिले में फ्यूचर सिटी के नाम से चौथा शहर बस रहा है। इसके लिए 50 हजार एकड़ जमीन लेकर शहर विकसित किया जा रहा है। इस फ्यूचर सिटी में एआई सिटी, हेल्थ सिटी, एंटरटेनमेंट डिस्ट्रिक्ट और स्पोर्ट्स हब अलग अलग बनाए जा रहे हैं। शहर का अपना मेट्रो और रैपिड रेल सिस्टम होगा। यह एक ग्रीनफील्ड प्रोजेक्ट है यानी पूरी तरह से नया शहर विकसित किया जा रहा है। इसे नेट जीरो की तर्ज पर बसाया जा रहा है यानी शून्य कार्बन उत्सर्जन होगा। इस पर कई लाख करोड़ रुपए खर्च होंगे और बनने से पहले ही दुनिया की तमाम बड़ी कंपनियों ने वहां लाखों करोड़ के निवेश का समझौता कर लिया है।

इसी तरह आंध्र प्रदेश में नई राजधानी के तौर पर विजयवाड़ा को विकसित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू को नए शहर विकसित करने का अनुभव है। विजयवाड़ा के साथ साथ वे विशाखापत्तनम को भी नए सिरे से विकसित कर रहे हैं। बंदरगाह के साथ साथ विशाखापत्तनम अब डाटा सेंटर का हब बन रहा है। इसके मुकाबले उत्तर भारत में राज्यों की राजधानियों के आसपास सेटेलाइट शहर बनाने की घोषणाएं हो रही है, जिनका मकसद सिर्फ जमीन के दाम बढ़ाना है। जो नए शहर बसाए गए चाहे वह नोएडा हो या गुरुग्राम उनकी हालत धीरे धीरे नर्क से बदतर होती जा रही है। पानी निकासी जैसी बुनियादी सुविधाएं नहीं हैं। बिना किसी योजना के उनके विकास है। सोचें, सेटेलाइट शहर बसाने के लिए उत्कर भारत में पांच सौ और हजार करोड़ रुपए का बजट घोषित होता है। यह वैसे ही जैसे प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी ने स्मार्ट सिटी की योजना घोषित की थी। इसके तहत एक एक हजार करोड़ रुपए दिए जाने की खबर आई। इतनी रकम में एक या दो अच्छे फ्लाइओवर बन जाएं तो वह बड़ी बात होगी। तभी एक भी शहर स्मार्ट सिटी के तौर पर विकसित नहीं हुआ है।

# ऐतिहासिक युद्ध भूमि ; चौसा का मैदान

**शंकर मुनि राय**




बिहार का बक्सर नगर महर्षि विश्वामित्र के आश्रम और 'बक्सर के युद्ध' दोनों के लिए जाना जाता है. इसी प्रकार बक्सर जिला मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर पश्चिम गंगा और कर्मनाशा नदी के मिलन स्थल पर बसा एक छोटा-सा नगर पंचायत चौसा देश भर में अपने आम की लोकप्रिय प्रजाति और 'चौसा युद्ध' दोनों के लिए प्रसिद्द है. इस इलाके से मुझे कई बार गुजरने का मौका मिला है. लेकिन इस माह की बिहार यात्रा में सड़क के किनारे लगा एक छोटा-सा बोर्ड 'चौसा युद्ध स्थल' ने मुझे यहाँ पहुँचने के लिए मजबूर कर दिया. चौसा के आसपास पहले मैंने आम के बगान की पड़ताल की. कहीं भी कोई बागान नहीं है. मुझे लगता है यहाँ की मिट्टी में कभी कोई आम प्रजाति रही होगी जो देश भर में प्रसिद्द हो गई.

चौसा के बारा मोड़ पर लगे इस बोर्ड को देखकर मैंने एक व्यक्ति से वहां जाने के लिए पूछा तो उसने आसानी से एक संकीर्ण सड़क मार्ग से उधर जाने के लिए बता दिया. लगभग एक किलोमीटर की इस यात्रा में ही बड़ी मुश्किल से मेरी कार तीस मिनट में वहां पहुंची. युद्ध भूमि के बारे में मुझे किसी ने बताया था कि वहां एक पुराना किला भी है. लेकिन वहां मुझे ऐसा कुछ भी नहीं मिला. एक चारदीवारी के बाहर लोहे के बड़े दरवाजे में भीतर से ताला बंद था. अगल-बगल कही भी किसी प्रकार का कोई लिखित संकेत नहीं था. सरकारी गाड़ी देखकर एक सज्जन मेरे पास आये और बड़ी विनम्रता के साथ बताये कि गेटकीपर के पास चाभी है जो पड़ोसी गांव में रहता है और दस बजे के बाद ही आता है और शाम पांच बजे तक यहीं रहता है. कई लोगों से पूछने पर भी किसी ने किसी सरकारी व्यक्ति अथवा जनप्रतिनिधि का संपर्क नम्बर नहीं दिया. दूसरे दिन पुनः वहां जाने की उम्मीद से मैं अपने ससुराल लौट गया. दूसरे दिन अपनी श्रीमतीजी के साथ वहां पहुंचा. संकीर्ण सड़क और गन्दगी को देखकर श्रीमती जी ने कई बार चौसा नगर पंचायत को कोसा और मजाक में ही कहा कि यहाँ एक युद्ध गंदगी के खिलाफ भी होना चाहिए. उस दिन गेटकीपर मुझे ऐसे मिला जैसे वह हमारा इंतजार कर रहा था. परिसर के भीतर प्रवेश करते ही भरपूर गन्दगी दिखी. जबकि परिसर में घूमने के लिए अच्छी सड़क बनी है. पेड़-पौधे लगाए गए हैं. एक पीपल के विशाल पेड़ को चबूतरे से घेर दिया गया है. पेड़ पर चढ़ने के लिए लोहे की सीढ़ी बनी है. पेड़ की पूजा भी होती है. युद्ध भूमि के बीच स्मारक बनाया गया है, जिसके चारों तरफ हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू और फारसी में युद्ध भूमि का संक्षिप्त विवरण लिखा हुआ है. यहाँ पहुँच कर मुझे जो महत्वपूर्ण विचार आये वे ये हैं कि पुरातत्व विभाग और जिला प्रश्न की और से यहाँ बहुत अच्छा प्रयास किया गया है, लेकिन स्थानीय लोगों और नगर पंचायत का प्रयास कम दिख रहा है.

अब बताना यह है कि चौसा का यह मैदान मुगल बादशाह हुमायूँ और शेरशाह सूरी के ऐतिहासिक युद्ध के लिए प्रसिद्द है. इस युद्ध में लगभग आठ हजार मुगल सैनिक और अमीर मारे गए थे. 25 जून 1539 को यहाँ शेरशाह ने अचानक हुमायूँ की सेना पर रात्रि में आक्रमण किया था. मुगल सेना इस आक्रमण का सामना नहीं कर पाई और हुमांयू को अपनी जान बचाने के लिए गंगा नदी में कूद कर भागना पड़ा. बताया जाता है कि चौसा के ही निजाम नामक एक भिस्ती ने मशक के सहारे हुमायूँ को गंगा नदी पार करने में मदद की थी. यह भी कहा जाता है कि निजाम के इस उपकार के लिए बादशाह ने उसे दिल्ली की गद्दी पर आधे दिन के लिए ताजपोशी भी किया था. इस आधे दिन की बादशाही में ही निजाम ने पूरे देश में चम? का सिक्का चलाया था.

इस युद्ध भूमि को जिला प्रशासन द्वारा 1994 में चिन्हांकित कर घेराबंदी कराकर ऐतिहासिक 'युद्ध भूमि' का नामकरण किया गया है. गेटकीपर ने ही बताया कि दो साल पहले ही चारों तरफ से ऊँची दीवार बनाकर दरवाजे लगवा दिए गए हैं. यहाँ मेरा सुझाव है कि चौसा के युद्ध मैदान को एक वृहद् पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा सकता है. चौसा के मुख्य मार्ग से युद्ध भूमि तक जाने के लिए सड़क का विस्तार करना चाहिए. युद्ध भूमि के दरवाजे पर भी एक बोर्ड लगवाना चाहिए. जैसा कि गेटकीपर ने बताया कि उसका वार्षिक वेतन साल में एक बार ही मिलता है. मेरा सुझाव यह भी है कि वहां चौबीस घंटे के लिए एक नियमित चौकीदार की नियुक्ति होनी चाहिए और वहां एक सुझाव पुस्तिका भी होनी चाहिए.

# काव्य गोष्ठी : (आत्मकथात्मक छत्तीसगढ़ी व्यंग्य )

**रोशन साहू 'मोखला'**



हमर शहर म हर महीना 'विराट काव्य गोष्ठी' होथे। पूरा लेख पढ़े ले 'विराट' लिखई समझ आही। बैनर म लिखाय रथे-'साहित्य के उत्थान बर'।असल म उत्थान कविता के नई होय,कवि के जेब के होथे। कवि मन खुदे पाँच-पाँच सौ रुपिया खरचा करके आथें।कार,बस किराया,मोटर साइकिल के पेट्रोल,चाय-नाश्ता। बहिरी खरचा ले कोन बाँचे हे? नीला मेट जेकर उप्पर तीस-चालीस ठन कुरसी। पत्रकार मन ल कतको नेंवता देवँय, कभू नइ आवँय। 'खुदे टूरी देखई, खुदे दूल्हा बनई, खुदे मढ़वा गढ़ई, खुदे तेल-हरदी चढ़ई, खुदे रँधई-गढ़ई, खुदे बरतिया, खुदे घरतिया असन भगीरथ प्रयास के फल ह 'विराट' कस नइ होही त काय होही? जब संचालक कवि ह ओज बानी म कहिथे-' वैश्विक बाजारीकरण के सोच,मनखेपन ल लीलत हे। साहित्यिक उत्थान ले सबो समस्या के निदान होही। हर वर्तमान ह इतिहास बनथे।अवईया समे म आज के आयोजन के चरचा जरूर होही। 'हमन भागमानी हन विधाता हमन ल हिरदे के भाव उदगार बर भाखा देय हे। कलम ले क्रांति लाये के जिम्मेदारी सँउपे हे। भले इहाँ संख्या कम दिखत हे, फेर इहाँ पधारे एक-एक आदमी दस-दस हजार झन के बरोबर हें।' अतेक जोश कि माइक के वॉल्यूम कम करना परथे। ये बात ल सुनते साट खाली माढ़े कुरसी मन के प्राण प्रतिष्ठा हो के बनेच गरूवा जथे। 'जिंहा-जिंहा राम कथा होथे, तिंहा-तिंहा हनुमानजी कथा सुने बर आथे। त जिंहा-जिंहा काव्य गोष्ठी होथे, तिंहा-तिंहा साहित्य देंवता तो घला आवत होही? 'साहित्य प्रेमी' मन के अगोरा म माढ़े खाली-खाली कुरसी मन सोंचे लगथे-अहोभाग !अईसन बुद्धिजीवी मन के सेवा पायेन। बहिरी दुनिया कुरसी के झटको-पुदगो म मरत हे। धन्य भाग! ये भीतरौंधी दुनिया म जीयईया मनखे मन के बीच आये हन। फेर अईसन भाव म उबुक-चुबुक होवइया का जाने! इँहिचो कुरसी येती-वोती होवत रहिथे। अपन-तुपन के अखाड़ा ले साहित्य सागर के लहरा लेवई ह बिस्फुटक अस जनाथे।

स्वागत के लंबा होय ले मिले परम संतोष कार्यक्रम के सफलता के मानक आय। येहा जग के सबले बड़े रीत आय। 'कोनो दिन अईसन झन होवय कि मुख्य अतिथि ह चिता म आगी दिहीं।'

स्वागत पाछू समसामयिक या तय विषय म परिचर्चा के शुरुआत आधार वक्तव्य ले होथे। फेर पचार-पचार के बोलई ले मुख्य वक्ता के मुँहू देखे लईक रहिथे। 'आधार व्यक्तव्य के लमियाय ले मुख्य वक्ता बपुरा बे-आधार कस जनाय लगथे।' सबो बोलागे त आखिर म वोहा अउ काय बात ल बोलही?

येती कवि मन अपन कविता सुनाय बर परिचर्चा समापन के रद्दा जोहत रहिथें। येखर पहिली तय रथे कि कोन काखर वीडियो-फोटू खिंचहीं? इहि बीच गोष्ठी के संचालक कवि कहिथे-'अब आवत हे हमर सबले बड़े कवि'। कवि उठथे, खीसा म हाथ डार के देखथे-पचास रुपिया हे। घर जाये बर किराया बचे हे का? फेर घला सीना फुलो के कविता पढ़थे -'ऐ वतन के वीरों, सरहदें तुम्हे बुलातीं है ...। 'दूसरईया कवि-'क्रांतिकारी'। मंच म चिल्लाथे -'जे भाषा म जे समझे, उहि भाषा म समझाबो। अत्याचारी मन ल धरती म, खूँद-खूँद गढ़ियाबो।।... भारत माता की जय! कविता खत्म होत साट गोष्ठी के आयोजक कवि तिर- 'भईया, एकाध कन?' आयोजक कवि-'ये बखत चंदा कम आये हे। आघू बेरा बर पक्का।' क्रांति आघू बेरा आवत ले टर गे।' तीसरईया कवि -'रोमांटिक शायर'। कविता-''मौन अधरों की जाहिर हुई है मुझे, तेरा तन तेरा मन है अर्पण मुझे''। इहि बेरा घरवाली फोन म कहिथे-'तन मन के अर्पण बाद म,पहिली धन समर्पण करव, गैस सिलेंडर लावव'।

कार्यक्रम होय पाछू चंदा के हिसाब होथे। वरिष्ठ गरिष्ठ कवि कहिथे-'देखो भई! हॉल के किराया पाँच हजार, बैनर पाँच सौ, माला एक हजार, चाय-समोसा तीन हजार अउ बँटईया ल पाँच सौ। कुल खरचा दस हजार। चंदा आइस आठ हजार। घाटा हो गे दू हजार। इहि बीच एक झन नवा कवि कहिथे-'हमू मन पाँच-पाँच सौ रुपिया लगा के आये हन, त हमर घाटा के हिसाब कोन करही?' सबो झन चुप। 'काहे के वोकर हिसाब के रजिस्टर म पन्ना नइ रिहिस।' पाछू बेरा वार्षिक आयोजन के स्मारिका छपई म बीस हजार के घाटा माढ़ेच्च हे। नेता जी करा घेरी-बेरी जातेच हन। मुख्य अतिथि ह घलो एको टिकली नइ दिस। कवि एक-दूसर के मुँहू देखथें। सब पाँच-पाँच सौ खरचा कर के आये रिहिन।अब तो इँहा घाटा घलो सहे ल परही। येला कहिथे 'साहित्य सेवा'।

थोक बहुत के आस म नेंवताय मुख्य अतिथि भाषण म कहिथे -'कवि समाज के दर्पण होथे'। बात तो जंचे लइक हे, फेर दर्पण म दरार परगे हे। 'इहाँ तो दर्पण खुद टूट-टूट के चंदा देत हें।'

कार्यक्रम खतम। सब कवि सेल्फी लेके अपन-अपन विमान चढ़त, हरि सुमरत निज-निज धाम गमन। कैप्शन - 'साहित्यकारों के संग'। घर जाते साट घरवाली पूछिथे -'मानदेय मिलिस का?' कवि -'नई, फेर इज्जत मिलिस। अखबार म फोटू छपही।' घरवाली-'त फोटू ल चाब-चाब के खा लेबे।' 'जो घर जारे आपना चले हमारे साथ।' पाछू बरस के वार्षिक समारोह बर दिये दू हजार के चंदा ल घरवाली जान परही त फेर मुँहू म आगी बरत चिटको देरी नइये।

तीन जिनिस सबसे महंगा हे-शिक्षा, इलाज,अऊ कवि बने के शौक। पहिली दूनों म पईसा लगथे, तीसरईया म तीनों लगथे। घरवाली करा गोष्ठी म आये-जाये बर नाक रगड़े परथे। त दुनिया वाले मन कर इज्जत अउ पनही दूनों ल घिसे ल परथे। रचना छपईया अखबार वाले मन घलो साल भर म नानमुन विज्ञापन के आस लगाये रहिथें। 'हे साहित्य देवता! हमर ऊपर कृपा करव। कृपा कते करा अटके हे? बैरियर ल टार देवव। आघू बेरा चंदा ले सौ रुपिया कवि ल घलो दे-दे। 'कोन देवी-देंवता के दया-कृपा ले पेट्रोल पम्प खड़ा हो जथे, लायसेंस परमिट मिल जथे? हे अंतर्यामी! तेला जानते हव। रीस झन मानतेव त मोर करा एक आइडिया हवय। हे प्रभु! लक्ष्मी पति मन के मति ल थोरिक तो डायवर्ट कर देतेव, वोमन शारदासूत मन के थोक-बहुत सरोखा -हियाव कर लेतिन। कवि ल पेट्रोल खरचा तो मिल जाय। ये उदिम ल अपन प्राथमिकता क्रम म सबले उप्पर राखहू। जादा लंबा प्रक्रिया झन होवय। मार्च इंडिंग के झोल ले कोनो नइ बाँचे हे प्रभु! अतका अरजी हे।'

बने करिस तुलसीदास जी गोष्ठी-वोष्ठी के लफड़ा म नइ रिहिस, नइ ते रत्नावली दूसरईया घांव जोहारे ठोसरा मारे बर कम नइ करतिस। काकरो केहे बोले के पहिलीच्च कहि दिस- 'कवि न होउँ मँय चतुर कहाऊँ। नही ते-'टेंशन लेके गोष्ठी जावा,पेपर म अपन नाम छपावा। जरूर पड़े बर मिलतीस। आज घलो स्वान्तः सुखाय भाव ले लिखईया राम-गुन गवईया मन बिना गोहार पारे अपन सर्जन म मगन हें।'

### शब्द सामर्थ्य -097

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

**ऊपर से नीचे**

1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. माँ का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 096 का हल



# सामयिक चर्चा

## राजनीति में कुछ भी हो सकता है

बानी बोले - गजाधर आज मरोच मन
अखबार पढ़ते-पढ़ते
अचानक इस खबर पर अटका
'ममता बनर्जी के लिए
एक और बड़ा झटका !'
फिर बैठकर गजाधर के पास
बोले बानी - सुनिए डिटेल में बात
पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के
अत्यन्त करीबी माने जाने वाले
वीर भूमि के दिग्गज नेता
अनुब्रत मण्डल, अब आधिकारिक तौर पर
रितुब्रत बनर्जी के नेतृत्व वाले
बागी खेमे में शामिल हो गये है।
जिससे बागी खुश हो गये है
और उन्हे वीरभूम जिला अध्यक्ष की
जिम्मेदारी भी सौंप दी है।
इस पर टीएमसी के हित चिन्तक
चिन्ताराम ने ऐसी चिन्ता व्यक्त की है -
क्या ऐसा समय भी आएगा
जब टीएमसी में ममता के साथ
सिर्फ अभिषेक बनर्जी ही रह जाएगा ?
गजाधर ! आपका मन क्या कहता है ?
गजाधर मुस्कराए बोले - बानी
हमें तो एक ऐसा लगता है
कि अभिषेक बनर्जी भी साथ छोड़ सकता है।
सुनो ! यह शेर भी यही कहता है -
'कौन होता है बुरे वक्त की
हालत में शरीक ।
मरते दम देखा है,
आँख भी फिर जाती है। '
रविवार 12.7.26



**गिरीश बख्शी**

## आपराधिक लापरवाही का संकेत




मंदिर का प्रशासनिक तंत्र पारदर्शिता और आंतरिक नियंत्रण के मोर्चे पर बुरी तरह विफल रहा। कड़ी सुरक्षा के बावजूद इस तरह के कृत्य का होना आपराधिक मिलीभगत या कम-से-कम आपराधिक लापरवाही का संकेत है।

मुकदमा दर्ज होने और आठ लोगों की गिरफ्तारी के साथ इसकी पुष्टि हो गई है कि अयोध्या के राम मंदिर में करोड़ों रुपये की चढ़ावा चोरी हुई। पुलिस ने आरोपियों के ठिकानों से लगभग 80 लाख रुपये बरामद करने का दावा भी किया है। यह मंदिर की पवित्रता को कलंकित करने वाला ऐसा कांड है, जिससे करोड़ों हिंदू श्रद्धालु खुद को ठगा गया महसूस कर रहे हैं। चढ़ावे में हेराफेरी को केवल वित्तीय भ्रष्टाचार का मामला नहीं माना जा सकता, बल्कि यह करोड़ों श्रद्धालुओं साथ घोर विश्वासघात भी है।

जिस मंदिर की सुरक्षा को अभेद्य और जहां की निगरानी व्यवस्था को अंतरराष्ट्रीय स्तर का बताया जाता हो, वहां दानपात्रों से चढ़ावे की चोरी ना सिर्फ प्रबंधन की घोर लापरवाही को उजागर करता है, बल्कि इससे प्रबंधन से जुड़ी बड़ी शख्सियतों की मंशा और ईमानदारी पर भी गंभीर सवाल खड़े होते हैं। अब तक जिन पर मुकदमा दायर हुआ है, वे प्रबंधन से जुड़े कर्मचारी हैं। जैसाकि कई साधु-संतों ने कहा है कि इतना बड़ा घोटाला अदने कर्मचारियों अंजाम दे दें, यह बात गले नहीं उतरती। इसीलिए राम जन्म भूमि न्यास के बड़े पदाधिकारियों की ना सिर्फ नैतिक, बल्कि अन्य रूपों में उनकी जवाबदेही बनती है। यह स्पष्ट है कि मंदिर का प्रशासनिक तंत्र पारदर्शिता और आंतरिक नियंत्रण के मोर्चे पर बुरी तरह विफल रहा।


फिर इसकी अनदेखी भी नहीं की जा सकती कि मंदिर के लिए जमीन खरीद से लेकर, चंदे, निर्माण कार्यों, और अब चढ़ावा में घपले और ख़यानत के इल्जाम लगे हैं। सीसीटीवी कैमरों की निगरानी और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद इस तरह के कृत्य का होना वहां आपराधिक मिलीभगत या कम-से-कम आपराधिक लापरवाही का संकेत है। इसलिए इस आशंका में दम है कि कार्रवाई को सतही पड़ताल तक सीमित रखने और या निचले स्तर के कर्मचारियों पर ठीकरा फोड़ कर मामले को निपटा देने की कोशिश हो सकती है। लेकिन जरूर याद रखना चाहिए है कि सभी दोषियों को सख्त सजा नहीं दी गई, तो यह 'चढ़ावा कांड' ना केवल अयोध्या के प्रबंधन, बल्कि धर्म के नाम पर बनी तमाम संस्थाओं की साख को हमेशा के लिए संदिग्ध बना देगा।

# राशिफल




**मेष**

आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आज आपके परिवारजन आपसी सामंजस्य द्वारा घर की किसी समस्या का हल निकालने में सफल होंगे , घर में खुशी का माहौल बना रहेगा। आप अपने दोस्तों के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। राजनीतिक और सामाजिक गतिविधियों में आपका खास योगदान रहेगा।



**वृष राशि**

आज पूरे दिन भाग्य आपके साथ रहेगा। आज कुछ समय व्यक्तिगत कार्यों में बिताने से आप अपने आपको ऊर्जा से भरपूर महसूस पाएंगे। सामाजिक गतिविधियों में भी रुझान बढ़ेगा। फाइनेंस संबंधी काम समय पर निपटा लेंगे।काफी दिनों से चल रहे लोन की ईएमआई आज पूरी हो जाएगी और आपको कर्ज के दर्द से मुक्ति मिलेगी।




**मिथुन**

आज आपका दिन अच्छा रहेगा। अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए आज आपको कुछ अच्छे मौके मिल सकते हैं। टेक्नॉलॉजी की पढ़ाई कर रहे छात्रों को आज जॉब के लिए ऑफर आ सकता है। दफ्तर का पुराना उलझा हुआ मामला आज सुलझ जाएगा। बच्चों द्वारा शुभ समाचार मिलने से घर में खुशी का माहौल रहेगा।



**कर्क**

आज का दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आप सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेंगें। बच्चों को आज पढ़ाई में मन लगाने और अपना टाइम टेबल पुनर्निर्धारित करने की जरूरत है। साथ ही आज कुछ जरूरतमंद लोगों की सहायता करके आपको मानसिक सुकून मिलेगा।



**सिंह**

आज का दिन आपके जीवन यादगार रहेगा। आज व्यापार में किसी ऐसी कंपनी के साथ डील फाइनल होगी, जो आपको उम्मीद से अधिक फायदा करायेगी। पारिवारिक और व्यवसायिक मैनेजमेंट अच्छा रहेगा। आज घर में परिवार जनों के साथ मिल-जुलकर कुछ घर के नवीनीकरण व साज-सज्जा को लेकर कुछ विचार-विमर्श करेंगे।




**कन्या**

आज आपका दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आप अपनी योग्यता के बल पर ऐसा फैसला ले सकते हैं कि आपको खुद ही आश्चर्य होगा। किसी विशेष मुद्दे पर फैसला ऑफिस में सीनियर्स से बात-चीत करने के बाद ही करें। घर में सुधार संबंधी योजनाओं को क्रियान्वित करते समय वास्तु के नियमों का भी पालन करेंगे।




**तुला**

आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज सरकारी कामों में कुछ अनुभवी लोगों की राय लेने से आपका काम आसान हो जायेगा। अपने काम को नया रूप देने के लिए कुछ नई योजनाएं बनाएंगे, जो आपके लिए फायदेमंद होंगी। रचनात्मक गतिविधियों में रुचि लेंगे और अपने व्यक्तित्व में निखार लाने का प्रयास करेंगे।




**वृश्चिक**

आज आपका दिन अच्छे खुशनुमा पलों से भरा रहेगा। बेवजह के कामों में अपना समय बर्बाद न करके रुका हुआ काम अगर फिर से शुरू करेंगे, तो फायदा हो सकता है। आज व्यस्तता से भरी दिनचर्या रहेगी, फिर भी आप अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभा लेंगे। आज घर में खास मेहमानों के आने से खुशी भरा माहौल रहेगा।




**धनु**

आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। कॉलेज में नए दोस्त बनेंगे जिनसे आपका अच्छा ताल मेल बनेगा। इलेक्ट्रॉनिक्स के व्यापारियों का कारोबार तेजी से आगे बढ़ेगा। आज काम करने के तरीकों में बदलाव न करके मौजूदा स्थिति पर ही फोकस करेंगे। आज बिजनेस के कामों में फैसला लेते वक्त परिवार वालों की सलाह जरूर लें, आपको उचित समाधान मिलेगा।




**मकर**

आज आपको किसी अपने से अच्छी खबर मिलने के योग बने हुए हैं। आज अपने बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए उनका प्रोत्साहन करेंगे। आज आपका बिजनेस अच्छी गति से आगे बढ़ेगा, जिससे अधिक मुनाफा होगा। अपने बिजनेस पार्टनर के साथ पारदर्शिता आपको कामयाबी उच्च शिखर पर ले जाएगी।



**कुंभ**

आज आपका दिन बहुत ही खास होने वाला है। कुछ नया सीखने की प्रबल इच्छा आपके अनुभव को और अधिक बढ़ाएगी। आज रुका हुआ आय का स्रोत फिर शुरू हो सकता है। काफी दिनों से अटका हुआ दस्तावेज संबंधी राजकीय काम काज आज किसी उच्चाधिकारी के सहयोग से पूरा हो जाएगा।



**मीन**

आज आपका दिन आपके परिवार वालों के लिए नया खुशियां लेकर आया है। आज अपनी दिनचर्या को लेकर बनाए गए नियम आपको राहत देंगे और सभी कार्य व्यवस्थित रूप से संपन्न होते जाएंगे। वर्किंग वूमेन्स घर की जिम्मेदारियों और व्यवसाय में अच्छा तालमेल बना लेंगी। सरकारी नौकरी वालों को आज अतिरिक्त कार्यभार मिल सकता है।

# शहीद एसपी विनोद कुमार चौबे सहित 29 जवानों को श्रद्धांजलि

- औंधी में विशाल रक्तदान शिविर
- 34 रक्तवीरों का हेलमेट व प्रमाण-पत्र देकर किया गया सम्मान

**मोहला (दावा)। मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के सरहदी गांव औंधी में रविवार को शहीद पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार चौबे और उनके साथ शहीद हुए 29 जवानों की स्मृति में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में युवाओं, आम नागरिकों और सुरक्षा बलों के जवानों सहित 34 लोगों ने रक्तदान कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। रक्तदान करने वाले सभी रक्तवीरों को हेलमेट और रक्तदान प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।**



यह आयोजन 12 जुलाई 2009 को मदनवाड़ा-कोरकोट्टी के जंगलों में नक्सलियों से मुकाबला करते हुए शहीद हुए तत्कालीन पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार चौबे और उनके साथ शहीद 29 जवानों की याद में किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रवासियों ने अमर शहीदों के बलिदान को नमन करते हुए रक्तदान को सच्ची श्रद्धांजलि बताया।

शिविर में औंधी थाना प्रभारी सतीश साहू ने स्वयं रक्तदान कर युवाओं को प्रेरित किया। राकेश कुंजाम और सोनशाय अचला सहित कई नागरिकों ने भी रक्तदान किया। आईटीबीपी डोमिकला कैंप के जवान बी. संतोष, अनिकेत पाटिल और सुमित कुमार ने भी रक्तदान कर कार्यक्रम में सहभागिता निभाई।

आयोजकों ने बताया कि रक्तदान के साथ-साथ सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रत्येक रक्तदाता को हेलमेट भेंट किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में पवन ताम्रकार, सौरभ जैन और विकास सिदाम की प्रमुख भूमिका रही। रक्त संग्रहण का कार्य बालाजी ब्लड सेंटर की तकनीकी टीम ने सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने कहा कि शहीदों की स्मृति में रक्तदान जैसा जनहितकारी आयोजन समाज में सेवा, राष्ट्रभक्ति और मानवता का संदेश देता है।

# स्वामी आत्मानंद स्कूल में गणित और भौतिकी शिक्षक की कमी

## पालकों व विद्यार्थियों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन



अंबागढ़ चौकी (दावा)। स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम स्कूल, अंबागढ़ चौकी में गणित और भौतिकी विषय के शिक्षकों की कमी को लेकर पालकों और विद्यार्थियों ने विधायक भोजराज नाग को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र नियुक्ति की मांग की है।

ज्ञापन में बताया गया है कि गणित और भौतिकी के शिक्षकों के अभाव में विद्यार्थियों की नियमित पढ़ाई प्रभावित हो रही है। विशेष रूप से बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इससे विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर और भविष्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका जताई गई है।

पालकों ने मांग की है कि विद्यार्थियों के हित और उनके बेहतर भविष्य को ध्यान में रखते हुए स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम स्कूल में गणित एवं भौतिकी विषय के योग्य शिक्षकों की जल्द नियुक्ति की जाए, ताकि पढ़ाई सुचारू रूप से संचालित हो सके। ज्ञापन सौंपने के दौरान पालक, विद्यार्थी और विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य मौजूद रहे।

# पहला कॉलम...

## कुमर्दा को डोम शेड के लिए 10 लाख की स्वीकृति

### सौजन्य मुलाकात के दौरान डॉ. रमन से रखी मांग



डोंगरगांव (दावा)। क्षेत्र के ग्राम कुमर्दा के प्रतिनिधियों ने छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह से सौजन्य मुलाकात की. इस दौरान ग्राम पंचायत कुमर्दा अटल समरसता भवन में डोम शेड निर्माण की आवश्यकता से उन्हें अवगत कराया गया, जिस पर डॉ.रमन सिंह ने ग्राम पंचायत कुमर्दा में 10 लाख रूपये की लागत से डोम शेड निर्माण हेतु तत्काल स्वीकृति प्रदान करने के लिए जिलाधीश को आवश्यक निर्देश दिए. इस महत्वपूर्ण निर्णय से ग्राम पंचायत कुमर्दा के ग्रामीणों को सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सार्वजनिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी. इस दौरान ग्राम पंचायत के सरपंच नूनकरण भुआर्य, ग्राम पटेल कांतिलाल साहू, उपसरपंच विजय कोसमा, लक्ष्मीनारायण साहू, गंसुराम कोलियारे, लक्ष्मण पिस्दा, कोमल कुंजाम, ऋषि साहू, मिलेन्द्र टांडेकर एवं नवीन साहू सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे.

## बेलगांव स्कूल संचालक मंडल का पुनर्गठन

### भाजपा नेता धरमचंद वर्मा अध्यक्ष मनोनीत



डोंगरगढ़/बेलगांव(दावा)। छत्तीसगढ़ में शासकीय विद्यालयों के सुचारू संचालन और बेहतर प्रबंधन के लिए शाला प्रबंधन समिति और विद्यालय संचालन मंडल का पुनर्गठन अनिवार्य रूप से किया जाता है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 और छत्तीसगढ़ निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार नियम, 2010 के तहत प्रत्येक प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में इस समिति का पुनर्गठन नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत में किया जाता है।इस नए पुनर्गठन का मुख्य उद्देश्य स्कूलों के प्रशासनिक कार्यों और वित्तीय प्रबंधन में पूरी पारदर्शिता लाना है। इसके साथ ही, स्थानीय समुदायों और अभिभावकों की भागीदारी बढ़ाकर स्कूलों की बुनियादी सुविधाओं और शिक्षा के स्तर में सुधार करना है।

शासन की मंशानुरूप समीप आयुर्वेद ग्राम बेलगांव में स्कूल संचालक मंडल का पुनर्गठन किया गया।पालक संघ की बैठक आयोजित कर सर्वसम्मति से भाजपा नेता धरम चंद वर्मा को स्कूल संचालक मंडल का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। श्री वर्मा पूर्व में बेलगांव सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष रह चुके हैं।संचालक मंडल में अन्य नए सदस्यों का भी मनोनयन भी किया गया है। नवनियुक्त अध्यक्ष एवं सदस्यों को सरपंच कौशल चंद्रवंशी पूर्व सरपंच छबील राम साहू मुरली गेडाम चंद्रशेखर साहू योगेश साहू प्रकाश अग्रवाल सहदेव साहू प्रमोद अग्रवाल सहित सभी वरिष्ठ जनों ने बधाई दी। बैठक में स्कूल प्राचार्य शिक्षक - शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में पालकगण उपस्थित थे।

## जनसहयोग से शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पारींकला को मिली घड़ी



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय कौरव माध्यमिक शाला पारिंकला में ग्राम के पूर्व सरपंच व डॉ. बी.डी. साहू ने शिक्षकों के प्रेरणा से प्रेरित होकर दीवाल घड़ी भेंट किया है। इस अवसर पर श्रीमती सविता गनवीर, विष्णु शर्मा, श्रीमती चांदनी कँवर, श्रीमती सुशीला हेड़ाऊ, श्रीमती विनीता जेम्स, श्रीमती स्वाति जैन आदि ने बी.डी. साहू का आभार व्यक्त किया।

# नगर पंचायत अध्यक्ष फूलमती वर्मा ने की स्कूल में 12 सीसीटीवी कैमरे, डेस्क-टेबल और थ्री-फेस बिजली कनेक्शन की घोषणा

घुमका (दावा)। स्थानीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय घुमका में शाला प्रवेश उत्सव और निःशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती फूलमती जय कुमार वर्मा गरिमामयी उपस्थिति रहीं, जबकि अध्यक्षता श्री पीताम्बर निषाद ने की। इस दौरान बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे और उनके पालकगण उपस्थित थे।



स्वामी आत्मानंद स्कूल घुमका में शाला प्रवेश उत्सव व साइकिल वितरण संपन्न

### तिलक लगाकर किया गया स्वागत

कार्यक्रम के दौरान कक्षा पहली और छठवीं के नव-प्रवेशी बच्चों का अतिथियों द्वारा तिलक लगाकर और मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया गया। इसके साथ ही बच्चों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। वहीं राज्य शासन की कल्याणकारी योजना के तहत कक्षा 9वीं की छात्राओं को निःशुल्क साइकिलें प्रदान की गई, जिससे छात्राओं के चेहरों पर खुशी साफ देखी गई।

### अध्यक्ष ने की विकास कार्यों की घोषणा

नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती फूलमती वर्मा ने स्कूल की व्यवस्था और शिक्षा की गुणवत्ता की सराहना करते हुए शिक्षकों को बेहतर अध्यापन के लिए अनेक उपयोगी सुझाव दिए। स्कूल प्रबंधन समिति (SMC) के अध्यक्ष और सदस्यों की मांग पर तत्परता दिखाते हुए उन्होंने स्कूल सुरक्षा के लिए बजट के अनुसार 10 से 12 नग सीसीटीवी कैमरे लगाने, बच्चों के बैठने के लिए डेस्क-टेबल की व्यवस्था करने तथा स्कूल परिसर को स्वच्छ रखने के लिए प्रत्येक सप्ताह स्वच्छता दीदियों से सफाई कराने की महत्वपूर्ण घोषणा की। इसके अलावा स्कूल में थ्री-फेस बिजली कनेक्शन की समस्या को लेकर उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों से बात कर जल्द से जल्द कनेक्शन लगवाने का आश्वासन भी दिया।

इस गरिमामयी अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में गणपत दुबे, जनपद सदस्य चंद्रेश वर्मा, महादेव वर्मा, छन्नू आडिल, पार्षद रामचंद्र वर्मा, पार्षद कुमार बघेल, युवराज सिंह चंदेल, सेवाराम दुबे, दिलीप पटेल, रूपेश साहू, दुर्गेश साहू, लखन लाल बंजारे, बिसे लाल वर्मा, गोपी राम सिन्हा, श्रीमती पूर्णिमा वर्मा, श्रीमती ममता वर्मा, श्रीमती योगेश्वरी पटेल, श्रीमती नीरा खोबरागड़े सहित शाला परिवार, स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य और बड़ी संख्या में जागरूक पालकगण उपस्थित रहे।

# सड़क किनारे यात्री प्रतीक्षालय में चल रही आंगनबाड़ी

सड़क किनारे यात्री प्रतीक्षालय में चल रही आंगनबाड़ी

**अंबागढ़ चौकी (दावा)। सरकार आंगनबाड़ी केंद्रों को बच्चों की शुरुआती शिक्षा, पोषण और सर्वांगीण विकास की आधारशिला मानती है, लेकिन जिले के अंबागढ़ चौकी विकासखंड के ग्राम परसाटोला में व्यवस्था की हकीकत इससे अलग दिखाई देती है। यहां आंगनबाड़ी भवन जर्जर होकर डिस्मेंटल घोषित किए जाने के बाद केंद्र का संचालन सड़क किनारे बने यात्री प्रतीक्षालय से किया जा रहा है। इससे नौनिहालों की सुरक्षा और मूलभूत सुविधाओं को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।**

जानकारी के अनुसार, भवन अनुपयोगी होने के बाद से आंगनबाड़ी केंद्र अस्थायी रूप से यात्री प्रतीक्षालय में संचालित है। इसी छोटे से स्थान पर बच्चों की पढ़ाई, पोषण आहार वितरण, टीकाकरण सहित अन्य गतिविधियां कराई जा रही हैं। बारिश और गर्मी के मौसम में बच्चों तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। केंद्र में शौचालय जैसी आवश्यक सुविधा भी उपलब्ध नहीं है।




जर्जर भवन के कारण नौनिहालों की सुरक्षा पर सवाल

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क से सटे यात्री प्रतीक्षालय में आंगनबाड़ी संचालित होने से हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इसे लेकर अभिभावकों में भी बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता है।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने बताया कि नए भवन की मांग ग्रामसभा के माध्यम से सरपंच के समक्ष रखी गई थी। इसके बाद सरपंच ने अस्थायी व्यवस्था के तौर पर यात्री प्रतीक्षालय उपलब्ध कराया, लेकिन सड़क से सटा होने के कारण यह स्थान पूरी तरह सुरक्षित नहीं है।

सरपंच का कहना है कि नए भवन के निर्माण की मांग जिला पंचायत अध्यक्ष से लेकर मुख्यमंत्री तक पहुंचाई जा चुकी है, लेकिन अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है।

इधर, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों का कहना है कि नए आंगनबाड़ी भवन की स्वीकृति की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जल्द ही बेहतर वैकल्पिक व्यवस्था करने का प्रयास किया जाएगा।

अब लोगों की नजर इस बात पर है कि नए भवन की स्वीकृति कब धरातल पर उतरती है और परसाटोला के नौनिहालों को सुरक्षित एवं सुविधायुक्त आंगनबाड़ी केंद्र की सुविधा कब मिलती है।

# गांजा बेचने वाला गिरफ्तार, लेकिन छिंदारी बांध में फिर जुएं के फड़ लगने की चर्चा




छुईखदान (दावा)। खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी कड़ी में छुईखदान पुलिस ने ग्राम खैरी के एक व्यक्ति को 114 ग्राम गांजा एवं बिक्री से प्राप्त नगदी के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया।

पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिलने पर ग्राम खैरी निवासी भारत मरकाम उर्फ नंदू को मुख्य मार्ग स्थित कचरा शेड के पास घेराबंदी कर पकड़ा गया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से लगभग 114 ग्राम गांजा तथा बिक्री से प्राप्त ?350 नगद बरामद हुए। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी) के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर उपजेल सलोनी भेज दिया गया।

हालांकि इस कार्रवाई के बीच क्षेत्र में यह सवाल भी उठ रहा है कि क्या केवल छोटे स्तर के कारोबारियों पर कार्रवाई पर्याप्त है? स्थानीय लोगों का कहना है कि छुईखदान क्षेत्र में अब भी गांजा की आपूर्ति करने वाले बड़े स्तर के सप्लायर सक्रिय होने की चर्चाएं हैं। लोगों का मानना है कि यदि ऐसे नेटवर्क पर प्रभावी कार्रवाई की जाए, तो अवैध मादक पदार्थों के कारोबार पर अधिक प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है।

इधर, छिंदारी बांध क्षेत्र में दोबारा जुए के फड़ संचालित होने की शिकायतें भी सामने आ रही हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि इन शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर नियमित कार्रवाई की जाए, तो क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाई जा सकती है। फिलहाल जुए के संबंध में पुलिस की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि गांजा तस्करी के पूरे नेटवर्क की जांच कर बड़े सप्लायरों तक कार्रवाई पहुंचाई जाए तथा छिंदारी बांध क्षेत्र में जुए के कथित फड़ों पर भी सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि क्षेत्र में कानून व्यवस्था और अधिक मजबूत हो सके।

# कृषकों के लिए 'कृषक सूचना एवं सलाह केंद्र' की स्थापना

छुईखदान (दावा)। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग, पुणे के अनुसार वर्ष 2026 में सामान्य वार्षिक वर्षा की तुलना में लगभग 6 प्रतिशत कम वर्षा होने की संभावना है। इसके परिणामस्वरूप खरीफ मौसम में मानसून के विलंब से आगमन, शीघ्र समाप्ति तथा फसल अवधि के दौरान वर्षा में लंबे अंतराल (खण्ड वर्षा) जैसी परिस्थितियाँ उत्पन्न हो सकती हैं। इन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए कृषकों तक कृषि संबंधी वैज्ञानिक सलाह का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने तथा आवश्यकता के अनुसार समय पर तकनीकी परामर्श एवं मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रानी अवंती बाई लोधी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, छुईखदान में 'कृषक सूचना एवं सलाह केंद्र' की स्थापना की गई है। इस केंद्र का शुभारंभ 10 जुलाई 2026 से किया गया है। इस केंद्र के माध्यम से कृषक सोमवार से शुक्रवार, प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक दूरभाष क्रमांक 07743-299060 पर संपर्क कर अपनी कृषि संबंधी समस्याओं का समाधान महाविद्यालय के वैज्ञानिकों से प्राप्त कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त, खेती से संबंधित जटिल एवं विस्तृत समस्याओं के समाधान हेतु कृषक केंद्र में उपस्थित होकर वैज्ञानिकों से सीधे चर्चा एवं आवश्यक तकनीकी मार्गदर्शन भी प्राप्त कर सकते हैं। महाविद्यालय के अधिष्ठाता *डॉ. ए. के. गुप्ता* ने जिले के समस्त कृषकों से आग्रह किया है कि वे 'कृषक सूचना एवं सलाह केंद्र' की सेवाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाकर वैज्ञानिक कृषि तकनीकों को अपनाएँ तथा बदलती मौसमीय परिस्थितियों में अपनी फसलों का प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित करें।

# शहीद रजनीकांत सिंह को दी भावभीनी श्रद्धांजलि, डीजीपी अरुण देव गौतम ने परिवार से की मुलाकात

## प्रेम संगवारी बहुउद्देशीय सेवा समिति के संयोजक विष्णु पाठक की पहल पर आयोजित हुआ श्रद्धांजलि समारोह

भिलाई (दावा)। अविभाजित राजनांदगांव जिले के मदनवाड़ा नक्सली हमले में शहीद हुए रिसाली, भिलाई निवासी वीर जवान रजनीकांत सिंह की 17वीं पुण्यतिथि पर रविवार को उनके स्मारक स्थल पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रेम संगवारी बहुउद्देशीय सेवा समिति द्वारा किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अरुणदेव गौतम मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

डीजीपी अरुण देव गौतम ने शहीद रजनीकांत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके अदम्य साहस एवं सर्वोच्च बलिदान को नमन किया। इस अवसर पर दुर्ग रेंज के पुलिस महानिरीक्षक अभिषेक शांडिल्य, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर, नेवई थाना प्रभारी अनिल साहू सहित पुलिस विभाग के कई अधिकारी उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में शहीद की पत्नी पिंकी सिंह व परिवार के सदस्य तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी भी मौजूद रहे। डीजीपी श्री गौतम ने शहीद की पत्नी से आत्मीय चर्चाकर परिवार का हालचाल जाना और आश्वस्त किया कि भविष्य में किसी भी प्रकार की आवश्यकता होने पर पुलिस परिवार हरसंभव सहयोग के लिए सदैव उनके साथ खड़ा रहेगा।

इस अवसर पर प्रेम संगवारी बहुउद्देशीय सेवा समिति के संयोजक विष्णु पाठक ने वर्ष 2009 के मदनवाड़ा नक्सली हमले की हृदयविदारक घटना का उल्लेख करते हुए शहीद रजनीकांत सिंह के अद्वितीय बलिदान को याद किया। उन्होंने कहा कि शहीदों का सम्मान केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि समाज का नैतिक दायित्व है। उनकी प्रेरणा और बलिदान नई पीढ़ी को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करते रहेंगे।

विष्णु पाठक ने कहा कि समिति प्रत्येक वर्ष शहीदों की स्मृति को जीवंत बनाए रखने और उनके परिवारों के सम्मान के लिए ऐसे कार्यक्रम आयोजित करती है, ताकि समाज उनके सर्वोच्च बलिदान को कभी न भूले। श्रद्धांजलि सभा में प्रेम संगवारी बहुउद्देशीय सेवा समिति के अध्यक्ष मुकेश पाण्डेय, महासचिव रंग बहादुर सिंह, समिति के अन्य पदाधिकारी, सदस्य तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन शहीद रजनीकांत सिंह के सम्मान में दो मिनट का मौन रखकर तथा उनके अमर बलिदान को नमन करते हुए किया गया।

# जिम्बाब्वे और इंग्लैंड सीरीज के लिए टीम इंडिया के स्क्वॉड में हुआ बदलाव, हर्षित और वरुण हुए बाहर

नई दिल्ली। 14 जुलाई से भारत और इंग्लैंड के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज की शुरुआत होने वाली है। इस सीरीज से पहले टीम इंडिया को एक बड़ा झटका लगा है। तेज गेंदबाज हर्षित राणा चोटिल होने की वजह से इस वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं। इसके साथ ही BCCI ने उनके रिप्लेसमेंट का भी ऐलान कर दिया है। हर्षित की जगह वनडे सीरीज में प्रिंस यादव को टीम में शामिल किया है। हर्षित और वरुण को तीसरे टी20 मैच के दौरान चोट लगी थी और इस वजह से वह आखिरी के दो टी20 मैच से भी बाहर हो गए थे।



### वरुण चक्रवर्ती जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 सीरीज से हुए बाहर

टीम इंडिया अब अगली टी20 सीरीज इस महीने के अंत में जिम्बाब्वे के खिलाफ खेलेगी। इस सीरीज के लिए भी बीसीसीआई की सेलेक्शन कमिटी ने हाल ही में स्क्वॉड का ऐलान किया था। वरुण चक्रवर्ती इस सीरीज का हिस्सा थे, लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में चोट लगने के बाद वो भी जिम्बाब्वे सीरीज से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह लेग स्पिनर रवि बिश्नोई को जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए टीम इंडिया के स्क्वॉड में शामिल किया गया है।

### हर्षित राणा और वरुण चक्रवर्ती को हुई है हैमस्ट्रिंग इंजरी

इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टी-20 मैच के दौरान भारतीय खिलाड़ी हर्षित राणा और वरुण चक्रवर्ती चोटिल हुए थे। तेज गेंदबाज हर्षित राणा के दाएं पैर की मांसपेशियों में खिंचाव (ग्रेड-1 हैमस्ट्रिंग इंजरी) की दिक्कत है, जिसकी वजह से वह वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं।

वहीं स्पिनर वरुण चक्रवर्ती के बाएं पैर की मांसपेशियों में गंभीर खिंचाव (ग्रेड-2 हैमस्ट्रिंग इंजरी) हुआ है, जिसके कारण वह जिम्बाब्वे के खिलाफ टी-20 सीरीज में नहीं खेल पाएंगे। अब ये दोनों खिलाड़ी रिहैब के लिए बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस जाएंगे।

### प्रिंस यादव T20I और ODI में कर चुके हैं डेब्यू

तेज गेंदबाज प्रिंस यादव आयरलैंड के खिलाफ अपना पहला टी-20 और अफगानिस्तान के खिलाफ पहला वनडे मैच खेल चुके हैं और अब चयनकर्ताओं ने भरोसा जताते हुए उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ वनडे टीम में भी जगह दी है। दूसरी ओर स्पिन गेंदबाज रवि बिश्नोई की वापसी से भारतीय टीम और मजबूत होगी। जिम्बाब्वे दौरे पर होने वाली सीरीज के लिए श्रेयस अय्यर को कप्तान और तिलक वर्मा को उपकप्तान बनाया गया है।

# इंग्लैंड की हीथर नाइट ने इंटरनेशनल क्रिकेट से किया संन्यास का ऐलान



नई दिल्ली। भारत और इंग्लैंड की महिला टीम के बीच में लॉर्ड्स के मैदान पर खेले जा रहे टेस्ट मुकाबले की बीच में इंग्लैंड महिला टीम की पूर्व वर्ल्ड कप विजेता कप्तान हीथर नाइट ने दूसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट से अपने रिटायरमेंट का ऐलान कर दिया। इंग्लैंड के लिए ये एक बड़ा झटका माना जा रहा है क्योंकि हीथर नाइट उनकी प्रमुख बल्लेबाजों में से एक हैं। नाइट ने अपने ऐलान के साथ साफ कर दिया कि भारतीय टीम के खिलाफ खेला जा रहा टेस्ट मुकाबला उनके इंटरनेशनल करियर का आखिरी मैच होगा। हीथर नाइट के अलावा लॉर्ड्स टेस्ट मैच का आगाज होने से पहले टैमी ब्यूमोंट ने भी अपने संन्यास का ऐलान करने के साथ इसे आखिरी मुकाबला बताया था।

इंग्लैंड महिला टीम की पूर्व कप्तान हीथर नाइट ने इंटरनेशनल क्रिकेट से अपने रिटायरमेंट का ऐलान करने के साथ कहा कि एक इंग्लैंड क्रिकेटर के तौर पर जो सफर मैंने तय किया है उसके लिए मैं सभी का काफी आभारी हूं और अपने आप को भाग्यशाली मानती हूं। बीते 16 साल से जो लोग और ड्रेसिंग रूम मेरी जिंदगी का हिस्सा था उससे दूर जाना बहुत मुश्किल है। हीथर नाइट के करियर को लेकर बात की जाए तो उन्होंने साल 2017 में लॉर्ड्स के मैदान पर भारतीय टीम के खिलाफ खेले गए फाइनल मुकाबले में अपनी कप्तानी में इंग्लैंड को विजेता बनाया था। हीथर नाइट ने साल 2010 में इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू किया था जिसमें उन्होंने 199 मैचों में इंग्लैंड टीम की कप्तानी की। नाइट ने 160 वनडे मैचों में 4372 रन बनाए जिनमें तीन शतक और 27 अर्धशतकीय पारियां शामिल हैं। वहीं 145 टी20 मैचों में हीथर नाइट ने खेलते हुए 2656 रन बनाए हैं।

# नगर निगम के नए आयुक्त जी.आर. मरकाम का आत्मीय स्वागत, सौंप मांग पत्र

राजनांदगांव (दावा)। नगर पालिक निगम राजनांदगांव के नवनियुक्त आयुक्त जी.आर. मरकाम का अनुसूचित जनजाति शासकीय विकास संघ एवं युवा संगठन द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। संगठन के पदाधिकारियों ने आयुक्त महोदय को पुष्पगुच्छ भेंटकर नए कार्यकाल के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर हुई औपचारिक चर्चा के दौरान नगर के विकास और कर्मचारियों की लंबित समस्याओं को लेकर सकारात्मक बातचीत हुई।



### विकास कार्यों और 'सूर्य घर योजना' में सहयोग का भरोसा

चर्चा के दौरान आयुक्त जी.आर. मरकाम ने संघ और संगठन से नगर विकास के कार्यों तथा शासन-प्रशासन की जनकल्याणकारी योजनाओं, विशेषकर 'सूर्य घर योजना' को धरातल पर उतारने में सहयोग की अपील की। इस पर दोनों संगठनों के पदाधिकारियों ने एकसुर में कहा कि उनका संगठन हमेशा से सहयोग की भावना के साथ कार्य करता आ रहा है और आगे भी विकास कार्यों में निगम प्रशासन का पूरा सहयोग करेगा। कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर ध्यान आकृष्ट, उठाई ये 4 प्रमुख मांगें- स्वागत के साथ ही अनुसूचित जनजाति विकास संघ ने आयुक्त के समक्ष निगम के कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित 4 सूत्रीय समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की। निगम में लिपिक वर्ग से लेकर अधिकारी स्तर तक अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए पदोन्नति में आरक्षण नियम को पूर्णतः लागू किया जाए। निगम में सफाई कर्मी, ड्राइवर, भृत्य और सहायक ग्रेड-3 के पदों पर पिछले 10 से 15 वर्षों से रिक्त पड़े एसटी/एसटी वर्ग के बैकलॉग पदों को तत्काल भरा जाए। दैनिक वेतन भोगी और आउटसोर्स के माध्यम से पिछले 5 से 8 वर्षों से कार्यरत आदिवासी कर्मचारियों के नियमितीकरण की प्रक्रिया पूरी की जाए। वेतन विसंगति का निवारण 'समान कार्य-समान वेतन' का नियम लागू हो। साथ ही आउटसोर्स सफाई कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन के साथ ईपीएफ और ईएसआईसी का लाभ सुनिश्चित किया जाए।

# नवीन कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु 150 पुलिस विवेचकों को मिले स्मार्ट मोबाइल

राजनांदगांव (दावा)। देश में लागू हुए नवीन आपराधिक कानूनों के प्रभावी, पारदर्शी एवं तकनीक आधारित क्रियान्वयन को गति प्रदान करने के लिए पुलिस महकमे ने एक बड़ा कदम उठाया है। पुलिस मुख्यालय छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार, राजनांदगांव पुलिस अधीक्षक (एसपी) सुश्री अंकिता शर्मा द्वारा जिले के 150 पुलिस विवेचकों (जांच अधिकारियों) को हाईटेक स्मार्ट मोबाइल प्रदान किए गए हैं। जिला पुलिस कार्यालय में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में एसपी के हाथों इन मोबाइलों का वितरण किया गया।

### विवेचना प्रक्रिया में बढ़ा तकनीक का महत्व : एसपी अंकिता शर्मा

मोबाइल वितरण के अवसर पर विवेचकों को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा ने कहा कि नए कानूनों के लागू होने के बाद पुलिसिया जांच और विवेचना प्रक्रिया में आधुनिक तकनीक का महत्व पहले से कहीं अधिक बढ़ गया है। इन स्मार्ट मोबाइलों की मदद से अब अपराध स्थल (घटनास्थल) से डिजिटल साक्ष्य संकलन, फोटो व वीडियो दस्तावेजीकरण, ऑनलाइन रिपोर्टिंग, और विभिन्न पुलिस एप्लिकेशनों का तत्काल उपयोग सुनिश्चित हो सकेगा। त्वरित सूचनाओं के आदान-प्रदान से विवेचना प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, प्रभावी एवं समयबद्ध (टाइम-बाउंड) बनेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि इन मोबाइलों के माध्यम से विवेचक वैज्ञानिक तरीकों का उपयोग करते हुए गुणवत्तापूर्ण जांच सुनिश्चित करेंगे।



**एसपी ने दिए निर्देश : केवल शासकीय कार्यों में होगा उपयोग, तकनीक से पारदर्शी बनेगी पुलिसिंग**

### केवल शासकीय कार्यों में उपयोग करने के कड़े निर्देश

पुलिस अधीक्षक ने सभी विवेचकों को सख्त लहजे में निर्देशित किया कि शासन द्वारा प्रदत्त इन मोबाइलों का उपयोग अनिवार्य रूप से केवल शासकीय कार्यों के संपादन में ही किया जाएगा। उन्होंने विवेचकों से नवीन कानूनों के अनुरूप जांच की गुणवत्ता में निरंतर सुधार लाने तथा पीड़ित आमजन को त्वरित एवं प्रभावी न्याय दिलाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का आह्वान किया।

# संस्कारसिटी स्कूल की नई छात्र परिषद का शपथ ग्रहण, मुकुल हेड बॉय और साक्षी बनीं हेड गर्ल

राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए छात्र परिषद (स्टूडेंट काउंसिल) का भव्य एवं गरिमामयी शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ।



इस वर्ष छात्र परिषद के पदाधिकारियों का चयन पूरी तरह लोकतांत्रिक तरीके से विद्यालय में आयोजित वोटिंग प्रणाली (मतदान) के माध्यम से किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ अपने प्रतिनिधियों को चुना। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. गुरप्रीत कौर छाबड़ा (प्राचार्या, संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन), डॉ. टी. वर्मा (प्राचार्य, संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ फार्मेसी) तथा विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती रेखा तिवारी द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ किया गया।

समारोह के मुख्य चरण में प्राचार्या ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बैच अलंकृत किए और उन्हें विद्यालय के आदर्शों व अनुशासन के तहत कर्तव्यों के निर्वहन की शपथ दिलाई।

**वोटिंग प्रणाली से हुआ छात्र प्रतिनिधियों का चयन, प्राचार्या रेखा तिवारी ने दिलाई पद एवं गोपनीयता की शपथ**

### सीनियर विंग में मुकुल और साक्षी को कमान

लोकतांत्रिक वोटिंग प्रक्रिया के आधार पर सीनियर विंग से मुकुल भोई को हेड बॉय और साक्षी मिश्रा को हेड गर्ल चुना गया। इसके साथ ही सुमित कुमार साहू और माही पटेल को अनुशासन प्रभारी, बलराम पैकरा व निशिता ध्रुव को खेल प्रभारी, दीपक क्षत्रिय व ऐश्वर्या श्रीवास्तव को सांस्कृतिक प्रभारी, जयंत एम. पाटले व तिजन कश्यप को मेस कैप्टन तथा रुद्र बेलचंदन को बस कैप्टन नियुक्त किया गया। प्राइमरी विंग से रौनक देवांगन को हेड बॉय व यशिका साहू को हेड गर्ल चुना गया। जबकि कियान अमित वाल्दे और यशिका जोशी को अनुशासन प्रभारी की जिम्मेदारी मिली। वहीं नन्हे-मुन्नों के प्री-प्राइमरी विंग से दर्शिथ निर्मलकर ने हेड बॉय और गनिष्का तामस्कर ने हेड गर्ल के रूप में कमान संभाली।

### चुनाव प्रक्रिया बच्चों में नेतृत्व कौशल निखारेगी : प्रबंधक

इस विशेष अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक द्वय अतुल देशलहरा एवं आदित्य अग्रवाल ने मतदान प्रक्रिया के सफल संचालन और नवनिर्वाचित छात्र-छात्राओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से चुने जाने के बाद बच्चों पर जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है। यह अवसर उनके नेतृत्व कौशल को निखारने में मील का पत्थर साबित होगा।

प्राचार्या रेखा तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि नेतृत्व का अर्थ केवल पद प्राप्त करना नहीं, बल्कि पूरी निष्ठा से जिम्मेदारी निभाना है। उन्हें पूर्ण विश्वास है कि यह छात्र परिषद हर कसौटी पर खरी उतरेगी। कार्यक्रम का समापन सामूहिक राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस दौरान समस्त शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

### पर्यावरण बचाने की मुहिम को मिला सम्मान : तेजस्वी वर्मा को विधानसभा अध्यक्ष ने सराहा

ठेलकाडीह (दावा)। जिले के ग्राम बाटगांव में वन विभाग द्वारा आयोजित 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत 2400 पौधों के वृक्षारोपण महाअभियान का शुभारंभ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने किया। इस अवसर पर उन्होंने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उक्त कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहे युवा तेजस्वी वर्मा को उनके उत्कृष्ट सामाजिक योगदान के लिए छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने पौधे भेंटकर सम्मानित किया। यह सम्मान पौधारोपण को बढ़ावा देने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति समाज में जनजागरूकता फैलाने के लिए किए गए उनके सतत प्रयासों के लिए प्रदान किया गया। तेजस्वी वर्मा पिछले कई वर्षों से जल संरक्षण, पौधारोपण, वर्षा जल संचयन, जल स्रोतों के संरक्षण और पर्यावरण जागरूकता से जुड़े अभियानों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों और जनसहभागिता के माध्यम से लोगों को जल की प्रत्येक बूंद का महत्व समझाने और अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया है।

## ज्योतिष चमत्कार ( 13 जुलाई 2026 )

| कल्याण | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 9 | 0 | 1 | 2 |
| | 97 | 09 | 12 | 25 |
| मंगल | 0 | 1 | 2 | 3 |
| | 08 | 13 | 24 | 31 |
| बुध | 1 | 2 | 3 | 4 |
| | 15 | 23 | 32 | 45 |
| गुरू | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | 21 | 34 | 43 | 51 |
| शुक्र | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | 35 | 42 | 52 | 68 |
| शनि | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | 41 | 53 | 67 | 76 |
| अंकों का बादशाह | 2 | | | |
| सप्ताह का वरदान | 3 | | | |
| सप्ताह में अचूक | 4 | 7 | 8 | 9 |
| स्पेशल | 40 | 76 | 85 | 91 |

| राजधानी नाईट | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | 48 | 56 | 64 | 71 |
| मंगल | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | 57 | 63 | 73 | 85 |
| बुध | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | 62 | 74 | 84 | 91 |
| गुरू | 7 | 8 | 9 | 0 |
| | 75 | 82 | 92 | 04 |
| शुक्र | 8 | 9 | 0 | 1 |
| | 81 | 93 | 03 | 17 |
| अंकों का बादशाह | 3 | | | |
| सप्ताह का वरदान | 4 | | | |
| सप्ताह में अचूक | 5 | 8 | 9 | 0 |
| स्पेशल | 57 | 86 | 92 | 01 |

**सप्ताह में देखें (कल्याण)**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 17 | 18 | 19 | 10 |
| 2 | 26 | 28 | 29 | 20 |
| 3 | 36 | 37 | 39 | 30 |
| 4 | 46 | 47 | 48 | 40 |
| 5 | 56 | 57 | 58 | 59 |
| 6 | 62 | 63 | 64 | 65 |
| 7 | 71 | 73 | 74 | 75 |
| 8 | 81 | 82 | 84 | 85 |
| 9 | 91 | 92 | 93 | 95 |
| 0 | 01 | 02 | 03 | 04 |

**सप्ताह में देखें (राजधानी नाईट)**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 2 | 21 | 23 | 24 | 25 |
| 3 | 31 | 32 | 34 | 35 |
| 4 | 41 | 42 | 43 | 45 |
| 5 | 51 | 52 | 53 | 54 |
| 6 | 67 | 68 | 69 | 60 |
| 7 | 76 | 78 | 79 | 70 |
| 8 | 86 | 87 | 89 | 80 |
| 9 | 96 | 97 | 98 | 90 |
| 0 | 06 | 07 | 08 | 09 |

**अंक आपके पत्ते हमारे**

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 128 | 138 | 148 | 149 | 140 | 123 | 160 | 134 | 234 | 127 |
| 245 | 129 | 238 | 130 | 230 | 150 | 250 | 233 | 379 | 136 |
| 489 | 237 | 490 | 239 | 357 | 259 | 278 | 279 | 225 | 280 |
| 290 | 570 | 670 | 680 | 456 | 349 | 458 | 260 | 270 | 479 |
| 344 | 228 | 355 | 789 | 339 | 790 | 449 | 125 | 126 | 677 |

**बीते चार सप्ताह के रिकार्ड**

| कल्याण | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 50 | 23 | 02 | 13 | 96 | 92 |
| 08 | 34 | 57 | 21 | 93 | 97 |
| 34 | 06 | 94 | 06 | 03 | 49 |
| 95 | 75 | 69 | 14 | 64 | 96 |

| राजधानी | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 15 | 50 | 42 | 41 | 90 |
| 21 | 04 | 33 | 55 | 19 |
| 95 | 04 | 47 | 34 | 22 |
| 84 | 36 | 21 | 60 | 69 |

**जनवरी 2025 से जुलाई 2026 तक के रूके जोड़भाव-पेनल**

कल्याण 2024- 22-86
2025- 22-86
1-245-227-777 2-499-688-444-3-166-4-400-888 5-122 -799-555, 6-466-222 7- 999 8-440-666 9-333 0-118-668-000

राजधानी नाईट 2024- -88
2025- -24-49-88-99
1-146-777, 2-660-444,3-166 -111, 4-112-888, 5-366-447-555 6-222, 7-700-999, 8-288-666, 9-117-577- 333, 0-550-668-000

चेतावनी :- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

**0 हॉर्मुज जलडमरूमध्य फिर बंद :....**

क्षेत्रीय सुरक्षा स्थिति को देखते हुए हॉर्मुज जलडमरूमध्य को बंद किया गया है। ईरान ने चेतावनी दी है कि जब तक अमेरिका क्षेत्र में अपना हस्तक्षेप बंद नहीं करता, तब तक किसी भी जहाज को वहां से गुजरने की अनुमति नहीं दी जाएगी। साथ ही, ईरान ने धमकी दी है कि यदि इस घटना को बहाना बनाकर उस पर कोई और सैन्य कार्रवाई की गई, तो वह क्षेत्र में मौजूद दुश्मन के ठिकानों को निशाना बनाएगा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जवाबी कार्रवाई के तहत ईरान के दक्षिणी हिस्सों में धमाकों की आवाजें सुनी गई हैं। मेहर न्यूज एजेंसी के मुताबिक, केशम द्वीप पर विस्फोट हुए हैं। वहीं, सरकारी ब्रॉडकास्टर आईआरआईबी ने बताया है कि बंदर अब्बास में तीन और सिरिक में दो धमाके हुए हैं। ईरान का कहना है कि इस स्थिति के चलते होने वाले किसी भी परिणाम के लिए अमेरिका, इजरायल और उन देशों को जिम्मेदार माना जाएगा, जो ईरान के खिलाफ अभियानों के लिए अपनी सैन्य सुविधाओं का उपयोग करने की अनुमति देते हैं। वर्तमान में पूरे क्षेत्र में सैन्य तनाव की स्थिति बनी हुई है।

**0 दिग्गज गायिका एस. जानकी नहीं रहीं ...**

जिन्होंने अपनी आवाज से भाषाई सीमाओं को तोड़ दिया। उन्होंने अपने पूरे करियर में कन्नड़, तमिल, तेलुगु, मलयालम और हिंदी समेत करीब 20 विभिन्न भारतीय भाषाओं में 48,000 से अधिक गानों को अपनी आवाज दी। इस बेमिसाल उपलब्धि ने उन्हें भारतीय सिनेमा के इतिहास में सबसे ज्यादा गीत रिकॉर्ड करने वाली शीर्ष पार्श्व गायिकाओं की कतार में ला खड़ा किया। उन्होंने अपने करियर में सबसे ज्यादा गाने कन्नड़ भाषा में गाए, जिसके बाद मलयालम भाषा का स्थान आता है।

**0 राज्य अल्पसंख्यक आयोग में सुनवाई अटकी....**

सदस्यों की नियुक्ति नहीं किया जाना बताया गया है। आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा ने बताया कि जब से उन्होंने आयोग के अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाली है, तब से सदस्यों की नियुक्ति नहीं हुई है। इसके कारण वे कोर्ट में सुनवाई भी नहीं कर पा रहे हैं। अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा ने बताया कि, मैंने जब से

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

अध्यक्ष का पदभार संभाला है, फरियादियों को व्याय दिलाने का प्रयास कर रहा हूं। सदस्यों की नियुक्ति नहीं होने की वजह से प्रकरणों की सुनवाई आयोग में नहीं हो रही। लेकिन शिकायतों को परीक्षण के बाद कार्रवाई के लिए विभाग के पास भेजा जा रहा है।

**0 कश्मीर में 60 मिनट के भीतर दो बार फटा बादल....**

प्रशासन ने पर्यटकों और स्थानीय नागरिकों से आरिपथ व ओवेरा नालों सहित सभी जलस्रोतों से दूर रहने, अनावश्यक यात्रा से बचने तथा खराब मौसम के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है। प्रशासन प्रभावित क्षेत्रों में नुकसान का आकलन करने के साथ-साथ राहत कार्यों की लगातार निगरानी कर रहा है।

**0 एनसीईआरटी के अधिकारियों पर गिरेगी गाज...**

इसके अलावा, मंत्रालय ने इस बात का भी स्पष्ट जवाब मांगा है कि कंपनी तय समय सीमा के भीतर कागज की सप्लाई क्यों नहीं कर पाई और सबसे अहम बात कि एनसीईआरटी ने हाईकोर्ट में इस पूरे मामले को मजबूती से क्यों नहीं रखा।

शिक्षा मंत्री ने स्पष्ट संदेश दिया है कि पाठ्यपुस्तकों की खरीद और उत्पादन में पूरी पारदर्शिता होनी चाहिए और ऐसी कोई भी प्रशासनिक या कानूनी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

अदालत में सुनवाई के दौरान बाफना ग्लोबल वेंचर ने अपनी सफाई में अंतरराष्ट्रीय स्थिति का हवाला दिया। कंपनी का तर्क था कि ईरान से जुड़े संघर्ष के कारण कागज बनाने में इस्तेमाल होने वाले महत्वपूर्ण रसायन 'हाइड्रोजन पेरोक्साइड' की बाजार में भारी कमी हो गई थी, जिसकी वजह से किताबों के लिए कागज की सप्लाई में देरी हुई। फिलहाल, इस पूरे विवाद की अगली सुनवाई 20 जुलाई को दिल्ली हाई कोर्ट में होनी तय है।

**0 E-20 से पीछे हटे तो हो जाएगा हजारों करोड़ का ...**

मंत्रालय ने कहा कि प्रीमियम पेट्रोल के साथ तुलना गलत है। इतनी बड़ी सप्लाई चेन में बेस पेट्रोल के कई ग्रेड बनाए रखने से लॉजिस्टिक्स की बहुत बड़ी चुनौती खड़ी होगी, हैंडलिंग की लागत बढ़ेगी, इन्वेंट्री मैनेजमेंट मुश्किल होगा और ऑपरेशनल एफिशिएंसी कम होगी। कम एनर्जी होने के बावजूद इथेनॉल की कीमत पेट्रोल के बराबर है। इस पर मंत्रालय ने कहा कि पिछले कुछ साल में इथेनॉल महंगा हुआ है।

मंत्रालय ने कहा, 'अगर इंटरनेशनल मार्केट में कच्चा तेल 70 प्रति बैरल पर ट्रेड कर रहा है, तो असल में शुद्ध पेट्रोल के मुकाबले E-20 का प्रोडक्शन महंगा पड़ता है। अगर कच्चे तेल की कीमतें 120-130 प्रति बैरल तक बढ़ जाती हैं, तो इथेनॉल सस्ता हो जाता है। मंत्रालय ने कहा, 'सरकार इथेनॉल को अच्छी कीमतों पर खरीदती है ताकि भारतीय किसानों को सही दाम मिल सके।'

सरकार फीडस्टॉक यानी कच्चे माल के आधार पर इथेनॉल की कीमतें तय करती है। मौजूदा सप्लाई ईयर के लिए C-मोलासेस से बने इथेनॉल की कीमत 57.97 प्रति लीटर है जबकि मक्के से बने इथेनॉल का रेट 71.86 प्रति लीटर हैं।

**0 आज छत्तीसगढ़ विधानसभा का मानसून सत्र....**

अंतिम दिन 17 जुलाई को गैर-शासकीय कार्य निपटाए जाएंगे। पहले दिन पंडवानी गायिका पद्म विभूषण तीजन बाई के निधन पर श्रद्धांजलि देकर सदन की कार्यवाही शुरू होगी। ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के तहत पुरातात्विक वस्तुओं के संरक्षण में लापरवाही का मामला संस्कृति मंत्री के समक्ष उठाया जाएगा। वहीं जांजगीर में परिवार नियोजन प्रोत्साहन योजना में कथित अनियमितता का मुद्दा भी सदन में गूंज सकता है। सत्र में 9 संशोधन विधेयक बस्तर फाइटर्स (आरक्षक सेवा) नियम, 2026 में संशोधन। निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) संशोधन विधेयक, 2026। छत्तीसगढ़ मूल्य संवर्धित कर (वैट) संशोधन विधेयक, 2026। छत्तीसगढ़ माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संशोधन विधेयक, 2026। छत्तीसगढ़ औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन संशोधन विधेयक, 2026। छत्तीसगढ़ ईज ऑफ डूइंग बिजनेस विधेयक, 2026। नवा रायपुर ओटीएस योजना-2026। जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) संशोधन अधिनियम, 2024 का अंगीकरण। छत्तीसगढ़ भाड़ा नियंत्रण अधिनियम (संशोधन) विधेयक, 2026 पेश होंगे।

# एनपीएस पेण्ड्री में छात्र परिषद का शपथ ग्रहण : गौरव ठकवानी हेड बॉय और अदिती श्रीवास्तव बनीं हेड गर्ल




**इन्वेस्टीचर सेरेमनी में नांदगांव शिक्षा मंडल के अध्यक्ष सुरेश एच. लाल ने छात्र प्रतिनिधियों को दिलाई शपथ कर्तव्य, अनुशासन और सेवा से परिपूर्ण हो विद्यार्थियों का व्यक्तित्व, अतिथियों ने दिया संदेश**

राजनांदगांव (दावा)। शहर की बहुचर्चित शैक्षणिक संस्थान नीरज पब्लिक स्कूल (एनपीएस) पेण्ड्री में छात्र-छात्राओं के भीतर नेतृत्व, अनुशासन एवं उत्तरदायित्व की भावना को विकसित करने के उद्देश्य से इन्वेस्टीचर सेरेमनी (शपथ ग्रहण समारोह) का भव्य आयोजन किया गया।

शाला प्रांगण में आयोजित यह समारोह बेहद गरिमामयी माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन एवं मधुर सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके उपरांत उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों का पुष्पगुच्छ से आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर शाला के छात्र-छात्राओं ने आकर्षक सांस्कृतिक नृत्य और मनोहारी प्रस्तुतियाँ देकर उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया।

### इन्हें मिली छात्र परिषद की कमान

समारोह के मुख्य चरण में नवनिर्वाचित छात्र पदाधिकारियों को बैज और स्शैश प्रदान कर पद एवं कर्तव्यों की शपथ दिलाई गई। शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए सीनियर विंग से गौरव ठकवानी को हेड बॉय (शालानायक) और अदिती श्रीवास्तव को हेड गर्ल (शालानायिका) मनोनीत किया गया। वहीं जूनियर विंग से अक्ष देशलहरे को हेड बॉय और सना तलरेजा को हेड गर्ल की जिम्मेदारी सौंपी गई। सभी छात्र प्रतिनिधियों ने विद्यालय की गरिमा बनाए रखने और अनुशासन का पालन करने का संकल्प लिया।

समारोह के मुख्य अतिथि नांदगांव शिक्षा मंडल के अध्यक्ष सुरेश एच. लाल ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि आज विद्यार्थियों को जो दायित्व सौंपा गया है। वह केवल एक बैज या सम्मान नहीं, बल्कि विश्वास और कुशल नेतृत्व का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि जिस प्रकार एक त्रि-आयामी (3ष्ठ) आकृति हर दिशा से पूर्ण और संतुलित दिखाई देती है, ठीक उसी प्रकार छात्र नेताओं का व्यक्तित्व भी तीन मुख्य गुणों–कर्तव्य, अनुशासन और सेवा से परिपूर्ण होना चाहिए। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में छात्र पदाधिकारियों के अभिभावक प्रवीण-जानवी, अनुराग-मोनिका श्रीवास्तव, देवेश-सुखवंतीन देशलहरे, गिरिश-सुमन तलरेजा एवं डॉ. आर. एन. सिंह उपस्थित रहे। इसके साथ ही शाला के चेयरमैन संतोष अग्रवाल, मैनेजिंग डायरेक्टर कमलेश उभरानी, सहसचिव भरत ठक्कर, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर संतोष कांकरिया, डायरेक्टर पुरुषोत्तम ठक्कर, अर्काटकर एवं शाला की प्राचार्या सुश्री भारती गौते ने भी नवनिर्वाचित छात्र परिषद को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों को स्मृति-चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया। समारोह का सफल मंच संचालन श्रीमती लक्ष्मी चौहान एवं श्रीमती रत्ना कुमारी द्वारा किया गया।

# सिरलगढ़ के नन्हे हाथों ने बोया हरियाली का सपना, बच्चों ने बनाए सैकड़ों सीड बॉल



अंबागढ़ चौकी (दावा)। पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी फाइलों और योजनाओं तक सीमित न रहकर एक जन-आंदोलन बने, इसी उद्देश्य को लेकर शासकीय प्राथमिक शाला सिरलगढ़ (संकुल बुटाकसा) में विद्यार्थियों द्वारा एक बेहद अभिनव एवं प्रेरणादायक सीड बॉल निर्माण गतिविधि का आयोजन किया गया।

विद्यालय के नन्हे विद्यार्थियों ने अपने शिक्षक नीलकंठ कोमरे के कुशल मार्गदर्शन में मिट्टी, गोबर एवं स्थानीय प्रजातियों के बीजों को मिलाकर सैकड़ों की संख्या में सीड बॉल तैयार किए। इन तैयार सीड बॉलों को चालू वर्षा ह्रतु के दौरान आसपास के जंगलों, पहाड़ी क्षेत्रों, खाली पड़े मैदानों तथा सार्वजनिक स्थानों पर बिखेरा जाएगा, ताकि बारिश के पानी से प्राकृतिक रूप से इन पौधों का अंकुरण हो सके और क्षेत्र में हरियाली का तेजी से विस्तार हो।

### खेल-खेल में बच्चों ने सीखा प्रकृति का महत्व

इस रचनात्मक गतिविधि में प्राथमिक शाला के बच्चों ने अत्यंत उत्साह और बाल-सुलभ लगन के साथ भाग लिया। प्रत्येक विद्यार्थी ने स्वयं अपने हाथों से मिट्टी सानकर सीड बॉल तैयार किए और पर्यावरण की रक्षा का संकल्प लिया। इस दौरान शिक्षक द्वारा बच्चों को बड़े ही सरल शब्दों में समझाया गया कि एक छोटा-सा बीज कैसे भविष्य में विशाल वृक्ष बनकर न केवल छाया देता है, बल्कि वर्षा कराने, स्वच्छ वायु देने और मानव जीवन को सुरक्षित रखने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

### पहले किया 50 पौधों का रोपण, अब खुद कर रहे देखभाल

विद्यालय के शिक्षक नीलकंठ कोमरे ने शिक्षा के व्यापक अर्थ को रेखांकित करते हुए कहा कि पढ़ाई का उद्देश्य केवल पुस्तकीय ज्ञान देना नहीं, बल्कि बच्चों में सामाजिक उत्तरदायित्व और प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता का विकास करना भी है। उन्होंने बताया कि इस सीड बॉल अभियान से ठीक पहले विद्यालय परिवार द्वारा स्कूल परिसर और आसपास 50 से अधिक पौधों का रोपण किया गया था।

# ठाकुर प्यारेलाल सिंह स्कूल में छात्र संघ का गठन: चंदन जागड़े बने शाला नायक, प्राचार्य बघेल ने दिलाई शपथ



राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय ठाकुर प्यारेलाल सिंह नगर पालिक निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनांदगांव में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए छात्र संघ के पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया। यह मनोनयन शाला की प्रावीण्य सूची (मेरिट लिस्ट) के आधार पर पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न हुआ। विद्यालय के प्राचार्य आर.एस. बघेल ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई और नव-मनोनित शाला नायक को विद्यालय की कमान सौंपी।

शाला प्रावीण्य सूची के आधार पर विभिन्न संकायों के होनहार विद्यार्थियों को छात्र संघ में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। जिसमें शाला नायक (स्कूल कैप्टन) चंदन जागड़े आत्मज डुमन जागड़े कक्षा 12वीं वाणिज्य, उप-शाला नायक कु. हेमलता आत्मजा गणेश साहू कक्षा 11वीं वाणिज्य, अध्यक्ष विज्ञान समिति कु. प्रेरणा वर्मा आत्मजा नेतराम वर्मा कक्षा 12वीं गणित, अध्यक्ष, साहित्य समिति कु. सारिका कंवर आत्मजा लुकेश्वर कक्षा 12वीं कला, अध्यक्ष, क्रीड़ा समिति कु. मीनाक्षी आत्मजा मुरद कक्षा 12वीं कला, अध्यक्ष, वाणिज्य समिति कु. संध्या वर्मा आत्मजा संतोष वर्मा कक्षा 12वीं वाणिज्य, छात्रा प्रतिनिधि कु. ओशी रामटेके आत्मजा दिनेश रामटेके कक्षा 12वीं गणित है।

शपथ ग्रहण के बाद विद्यालय के नवनियुक्त शाला नायक चंदन जागड़े ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि वे विद्यालय में अनुशासन बनाए रखने, शिक्षकों के कुशल नेतृत्व में उनके मान-सम्मान को सर्वोपरि रखने तथा विद्यालय के हित में निरंतर कार्य करेंगे। उन्होंने स्वयं भी कड़े अनुशासन का पालन करने और पढ़ाई के प्रति कठिन परिश्रम व दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ने की बात कही। इस अवसर पर प्राचार्य आर.एस. बघेल ने सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। छात्र संघ प्रभारी प्रकाश यादव, खेल प्रशिक्षक व क्रीड़ा अधिकारी हेमंत सोनवानी सहित शाला के समस्त अध्यापकों ने भी नवनियुक्त छात्र प्रतिनिधियों को शुभकामनाएं प्रेषित की। उक्त जानकारी विद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी व वरिष्ठ अध्यापक एस.के. भालाधरे एवं प्राचार्य आर.एस. बघेल ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से साझा की है।

# बेटियों को शिक्षा से जोड़ने सरकार की सार्थक पहल : करमतरा स्कूल में बंटीं मां सरस्वती साइकिल योजना की साइकिलें



**जनप्रतिनिधियों ने तिलक लगाकर किया स्वागत, निःशुल्क साइकिलें पाकर छात्राओं के चेहरों पर झलकी खुशी**

करमतरा (दावा)। ग्रामीण अंचल की बेटियों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने और विद्यालय तक उनकी नियमित पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ शासन द्वारा एक बेहद सराहनीय कदम उठाया गया है। शासन की महत्वाकांक्षी मां सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत स्थानीय शासकीय किसान उच्चतर माध्यमिक शाला करमतरा में छात्राओं को निःशुल्क साइकिलों का वितरण किया गया।

साइकिल मिलते ही छात्राओं के चेहरों पर खुशी और नया उत्साह साफ झलक रहा था। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनपद सदस्य टूमन लाल साहू, ग्राम सरपंच श्रीमती रेखा बघेल, शाला विकास समिति, बड़ी संख्या में पालकगण, विद्यालय परिवार और ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा छात्राओं के तिलक और पुष्प स्वागत के साथ हुआ। जिससे पूरा परिसर आत्मीयता के माहौल से सराबोर हो गया।

### दूर-दराज की बेटियों के लिए वरदान है यह योजना : टूमन लाल साहू

इस अवसर पर जनपद सदस्य टूमन लाल साहू ने छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि राज्य सरकार की यह योजना दूर-दराज के गांवों से आने वाली बालिकाओं के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। उन्होंने छात्राओं से पूरी लगन के साथ पढ़ाई कर अपने परिवार, गांव और जिले का नाम रोशन करने का आह्वान किया।

### आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास का माध्यम : प्राचार्य

विद्यालय के प्राचार्य राजेश शर्मा ने योजना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मां सरस्वती साइकिल योजना केवल एक साइकिल वितरण कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह बेटियों के आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता और उनके शिक्षा के अधिकार को मजबूत करने का एक प्रभावी माध्यम है।

# पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन शुरू




डोंगरगढ़ (दावा)। **शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित राजनांदगांव जिले के उत्कृष्ट आवासीय शैक्षणिक संस्था पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ में शैक्षणिक सत्र 2027-28 में कक्षा 6 वीं में प्रवेश हेतु राजनांदगांव जिले के समस्त विद्यालयों के सत्र 2026-27 में कक्षा 5 वीं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र की भरने की प्रकिया प्रारंभ हो गई है।**

ज्ञात हो कि पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय एक आवासीय विद्यालय है, जहां पर छात्र-छात्राओं को कक्षा 6वीं से 12वीं तक मुफ्त एवं गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान की जाती है।

जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 6-2027 आवेदन पूर्णतः निःशुल्क है। जिसके लिए छात्र-छात्राओं की ऑनलाईन पंजीकरण करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है एवं जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 28 नवम्बर 2026 को राजनांदगावं जिले के विभिन्न विकासखण्डों पर आयोजित की जाएगी।

वर्तमान में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 5 वीं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के द्वारा ऑनलाईन पंजीकरण के लिए नवोदय विद्यालय समिति द्वारा वेबसाईट www.navodaya. gov. in एवं https:// cbseitms. rcil.gov. in/nvs/दी गई है जिसके माध्यम से जिसके माध्यम से छात्र-छात्राएं 31 जुलाई तक पंजीकरण करवा सकते हैं।

# जनविरोधी नीतियों के खिलाफ कांग्रेस का फूटा गुस्सा, सरकार के खिलाफ किया जोरदार प्रदर्शन

**बढ़ती महंगाई, पेपर लीक और जर्जर सड़कों को लेकर राज्यपाल के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन**



डोंगरगढ़ (दावा)। बढ़ती महंगाई, अघोषित बिजली कटौती, बेरोजगारी और जर्जर सड़कों जैसी विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर कांग्रेसियों का गुस्सा भड़क उठा। कांग्रेस जनों ने राज्य एवं केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए डोंगरगढ़ में जोरदार धरना-प्रदर्शन किया और पुतला दहन कर अपना आक्रोश व्यक्त किया।

प्रदर्शन के अंत में महामहिम राज्यपाल के नाम एसडीएम को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के त्वरित निराकरण की मांग की गई।

इस अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव विष्णु लोधी ने सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि आज आम जनता रिकॉर्ड तोड़ महंगाई, बेरोजगारी और बढ़ती जीवन-यापन लागत से बुरी तरह त्रस्त है। किसान समय पर खाद न मिलने से दाने-दाने को मोहताज हैं, वहीं अघोषित बिजली कटौती ने आमजन और किसानों दोनों का जीना मुहाल कर दिया है। इसके अलावा, स्मार्ट मीटर और बढ़े हुए बिजली बिलों को लेकर उपभोक्ताओं में व्यापक असंतोष व्याप्त है।

### बीजापुर विद्युत हादसे पर जताया दुख, पेपर लीक पर उठाए सवाल

विष्णु लोधी ने बीजापुर में विद्युत विभाग की घोर लापरवाही के कारण बेकसूर पशुओं की करंट से हुई मृत्यु की घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने दोषियों के विरुद्ध तत्काल कड़ी कार्रवाई करने और प्रभावित परिवारों को उचित मुआवजा देने की मांग की। छात्रों और युवाओं के मुद्दों को उठाते हुए उन्होंने कहा कि देश में नीट पेपर लीक जैसी घटनाओं से विद्यार्थियों के भविष्य के साथ जो खिलवाड़ हुआ है, वह अक्षम्य है। सरकार आउटसोर्सिंग पर निर्भरता कम करे और युवाओं को नियमित रोजगार देने के लिए पूरी तरह पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया अपनाए।

### इन प्रमुख क्षेत्रीय मुद्दों को लेकर सौंपा ज्ञापन

कांग्रेस द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में क्षेत्र की कई महत्वपूर्ण जर्जर सड़कों और बुनियादी मांगों को प्रमुखता से शामिल किया गया, जिनमें मुख्य रूप से पुरैना से कसारी, मोहारा से सुकुलदैहान, पुरैना से सहसपुर मार्ग, खुर्सीपार से सेम्हरा, चैतूखपरी से विष्णुपुर, ढारा से मुडहीपार मार्ग, गांधीनगर बोरतलाव से ओवरब्रिज तक की जर्जर हो चुकी सड़के, रेलवे किराए में लगातार की जा रही वृद्धि को वापस लेने तथा डोंगरगढ़ स्टेशन पर सभी प्रमुख एक्सप्रेस ट्रेनों का स्टापेज पुनः बहाल करने की मांग।

विष्णु लोधी ने हुंकार भरते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता के अधिकारों की लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक पूरी मजबूती से लड़ेगी। यदि किसानों, युवाओं, मजदूरों, महिलाओं और आम नागरिकों की इन समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो आने वाले समय में कांग्रेस इस जनआंदोलन को और अधिक व्यापक रूप देगी। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेसी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# हाईस्कूल टोलागांव में छात्रसंघ शपथ ग्रहण एवं सायकल वितरण समारोह में शामिल हुए घम्मन साहू



खैरागढ़ (दावा)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टोलागांव में नागठित छात्रसंघ का शपथ ग्रहण समारोह एवं मुख्यमंत्री निःशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में घम्मन साहू अधिवक्ता एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, अध्यक्षता खेम लता साहू जनपद सदस्य विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

देवेंद्र साहू सरपंच विष्णु दाससाहू अध्यक्ष शाला विकास समिति, टीलेश्वर साहू पूर्व जनवाद अध्यक्ष, नारायणदास, सोसाइटी अध्यक्ष शाला विकास समिति के सदस्य, संत राम साहू, भक्तुदास, बीरबल साहू, राकेश बंजारे, सुरति दास, ओमप्रकाश साहू, भूपेंद्र साहू के आतिथ्य में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना पश्चात् अतिथियों का स्वागत सम्मान कर इस वर्ष छात्र संगठन के सभी निर्वाचित छात्र-छात्राओं को उनके पद एवं दायित्व की शपथ मुख्य अतिथि द्वारा दिलाते हुए। उन्होंने कहा कि आज आप लोगों को पढ़ाई के साथ-साथ एक नए दायित्व का भी निर्वाह की जवाबदारी सौंपी गई है। आप अपने कर्तव्यों का निर्वाह करते हुए स्कूल के अनुशासन के साथ-साथ शैक्षणिक गतिविधि को भी जिला स्तर पर स्थापित करने में आप लोग अहम जिम्मेदारी का बखूबी से निर्वहन करने की सुझाव देते हुए बच्चों को बहुत बहुत बधाई दिया गया। मुख्यमंत्री निःशुल्क योजना अंतर्गत 37 बच्चों को आज सायकल मिल रहा है। शासन कि मनसा है कि स्कूल में बच्चों को सभी प्रकार की सुविधा प्रदान कर उन्हें पढ़ाई में ज्यादा से ज्यादा ध्यान देकर अपने माता पिता, स्कूल, गांव के साथ-साथ जिला और प्रदेश का नाम रोशन करने के उद्देश्य से आज शासन सभी प्रकार की सुविधा प्रदान की जा रही है। जिसका लाभ उठाकर बच्चें ज्यादा से ज्यादा पालको एवं शिक्षकों तथा शासन की मंशा अनुरूप ज्यादा से ज्यादा बच्चे कामयाबी हासिल करें।

इस अवसर पर जनपद सदस्य, सरपंच, शाला विकास समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व जनपद अध्यक्ष ने भी बच्चों को प्रोत्साहित देते हुए नए दायित्व की बधाई एवं शासन की ओर से योजनाओं का लाभ लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन ठाकुर सर व्याख्याता एवं आभार प्रदर्शन प्रचार रवींद्र सर के द्वारा किया गया। इस अवसर पर पालक व्याख्याता डीके साहू देवनारायण वर्मा श्रीवास्तव, मैडम पालक गण सहित सभी शिक्षक शिक्षिका छात्र-छात्राएं उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

# भड़सेना हायर सेकेंडरी में मोहन धुर्वे बने शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, 30 छात्राओं को मिली साइकिल



अंबागढ़ चौकी (दावा)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भड़सेना में लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर के निर्देशानुसार पालक मेगा सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन के दौरान विद्यालय के सुचारू संचालन, शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार और विकास कार्यों की निगरानी के उद्देश्य से नई शाला प्रबंधन समिति का गठन किया गया। बैठक में उपस्थित पालकों ने सर्वसम्मति से मोहन धुर्वे को समिति का अध्यक्ष तथा अन्नपूर्णा निषाद को उपाध्यक्ष चुना।

नवगठित 20 सदस्यीय समिति में अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के अलावा 13 पालक सदस्यों को शामिल किया गया है। इसके अतिरिक्त शेष सदस्यों में ग्राम पंचायत भड़सेना की सरपंच प्रमिला कोरेटी (निर्वाचित जनप्रतिनिधि), गजेंद्र मंडावी (पूर्व विद्यार्थी), हरिराम दखने (शिक्षाविद्), विद्यालय के प्राचार्य आर.बी. सिंह (पदेन सचिव) तथा भोजेंद्र हिरवानी (शिक्षक सदस्य) मनोनीत किए गए हैं। नवनिर्वाचित अध्यक्ष मोहन धुर्वे ने कहा कि नई समिति विद्यालय में कड़ा अनुशासन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, विद्यार्थियों के लिए बेहतर बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने तथा पालकों और शिक्षकों के बीच मजबूत समन्वय बनाने को प्राथमिकता देगी। वहीं प्राचार्य एवं पदेन सचिव आर.बी. सिंह ने विश्वास जताया कि नई समिति के सक्रिय सहयोग से विद्यालय शैक्षिक विकास के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेगा।

### 30 छात्राओं को मिली निःशुल्क साइकिल की सौगात

शाला प्रबंधन समिति के गठन के तुरंत बाद छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी मां सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत कक्षा नवमीं में नवप्रवेशित 30 छात्राओं को निञ्शुल्क साइकिलों का वितरण किया गया। लाभान्वित छात्राओं में अनुसूचित जाति (स्ष्ट) की दो, अनुसूचित जनजाति की 16 तथा अन्य पिछड़ा वर्ग की 12 छात्राएं शामिल हैं। साइकिल मिलते ही छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। छात्राओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि दूर से पैदल आने में समय नष्ट होता था, लेकिन अब वे समय पर विद्यालय पहुंच सकेंगी और उन्हें पढ़ाई के लिए अधिक समय मिल सकेगा। उपस्थित पालकों ने इस कल्याणकारी योजना के लिए शासन और विद्यालय प्रबंधन का आभार व्यक्त किया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, स्थानीय जनप्रतिनिधि, पूर्व समिति अध्यक्ष गौरीशंकर गुरले, पूर्व सदस्य गीतराम कुम्भकार, आंबेडकर, सहारे, उपसरपंच कृपाराम तथा बड़ी संख्या में पालक व ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन और अंत में आभार प्रदर्शन विद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता कन्हैयालाल जोशी द्वारा किया गया।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक भाई बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक भाई बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631, e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com